**खबर संक्षेप**



### शिविर में विद्युत समस्याओं का हुआ निराकरण

**बड़वारा।** विद्युत वितरण केंद्र बड़वारा में मंगलवार को विद्युत विभाग बड़वारा के कनिष्ठ अभियंता स्वामी प्रसाद यादव के मार्गदर्शन में विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए जन सुनवाई का आयोजन किया गया। जन सुनवाई में विद्युत मीटर, विद्युत विल , विद्युत लाइन से सम्बंधित आवेदन प्राप्त हुए जिनका कनिष्ठ अभियंता स्वामी प्रसाद यादव के द्वारा सुनवाई उपरांत त्वरित निराकरण किया गया। विद्युत उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की परेशानी नही होने पाए इसके लिए मातहत स्टाफ को निर्देश दिए। बरसात में विद्युत तारों से बचाव करने व सुरक्षित तरीके से विद्युत उपकरणों को उपयोग में लाने के विषय मे कनिष्ठ अभियंता स्वामी प्रसाद यादव के द्वारा जन सुनवाई में उपस्थित उपभोक्ताओं को परामर्श दिया गया। जन सुनवाई में आवेदन लेकर आने वाले उपभोक्ताओं के साथ ही विद्युत विभाग के हीरा मणि साहू, हेमराज सिंह परमार,मनीष द्विवेदी भी मौजूद रहे।

### क्लीनर नालामेन मशीन से कराई जा रही सफाई

**कटनी।** महापौर प्रीति संजीव सूरी के निर्देशन व निगम आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल के मार्गदर्शन में निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा निरंतर नाला नाली सफ़ाई अभियान चलाया जा रहा है। हाल ही में नगर निगम द्वारा चार नई नालामेन मशीन क्रय की गई थी जिसका लोकार्पण महापौर सूरी द्वारा करते हुए सफ़ाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने हेतु शहर के नागरिकों को एक और सौग़ात दी गई है। उक्त मशीन शहर के बड़े नाले में कम समय में अधिक सफ़ाई करने में कारगर है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 9 जुलाई को जगमोहन दास वार्ड में चड्ढा कॉलेज के पास नाला क्लीनर मशीन के माध्यम से नाले की सफाई करवाई जा रही है जिसके अच्छे परिणाम देखे जा रहे है वर्तमान में वर्षा ऋतु में जलभराव की स्थिति कही भी निर्मित न हो ऐसा लक्ष्य निर्धारित कर वार्डों में निरंतर नाला-नाली सफ़ाई कार्य युद्ध स्तर पर जारी रहेगा एवं शहर को सुंदर एवं स्वच्छ बनाते हुए कटनी को स्वच्छता के दृष्टि में उच्चतम स्थान में लाए जाने हेतु भी निगम द्वारा डोर टू डोर कचरा संग्रहण सूखे एवं गीले कचरे को अलग रखने एवं अपने आस पास के वातावरण को स्वच्छ रखने जनजागरूकता इत्यादि के माध्यम से विभिन्न प्रयास किए जा रहे है।

### ठगी के दो आरोपितों तो कल लाया जाएगा कटनी

**कटनी।** कोतवाली थाना क्षेत्र के एक सराफा कारोबारी से एक लाख दो हजार रुपए की ठगी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को नर्मदापुरम से पकड़ा है। दोनों आरोपी अभी नर्मदापुरम की जेल में है। 11 जुलाई को दोनों आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट पर कटनी लाया जाएगा। कोतवाली थाना प्रभारी आशीष कुमार शर्मा ने बताया कि ईश्वरीपुरा वार्ड निवासी राकेश सोनी की शेर चौक स्थित देवा ज्वेलर्स के नाम से सोने-चांदी के आभूषणों की दुकान है। आठ अप्रैल 2024 को दुकान में दो युवक सोने की चैन और अंगूठी खरीदने के लिए आए थे। दोनों युवकों ने एक सोने की चैन और एक अंगूठी खरीदी। जिसकी कीमत करीब एक लाख दो हजार रुपए थी। बिल का भुगतान युवकों ने मोबाइल से ऑनलाइन किया। भुगतान होने से संबंध में मोबाइल का डिस्प्ले भी दुकान संचालक को दिखाया। जिसके बाद दोनों युवक चैन और अंगूठी लेकर चले गए। युवकों के जाने के बाद जब दुकान संचालक ने खाते में रुपए देखे तो उसमें सोने की चैन और अंगूठी के एक लाख दो हजार रुपए जमा नहीं हुए थे। अपने साथ हुई धोखाधड़ी की शिकायत राकेश सोनी ने पुलिस से की। शिकायत की जांच के बाद अज्ञात आरोपियों पर मामला दर्ज किया गया। मामले की विवेचना के जानकारी मिली की दो युवक इसी तरह की वारदात के आरोप में नर्मदापुरम में पकड़े गए है।

### बरही थाना क्षेत्र में बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम, खेत में पड़ी मिली पेटी

# सेंध लगाकर घर में घुसे चोर, लाखों के जेवरात सहित नकदी लेकर चंपत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बरही थाना क्षेत्र में चोरो ने सेंध लगाकर एक घर को निशाना बनाया और लाखों के जेवरात सहित नकदी रूपये पार कर दिये। बताया जाता है कि चोरो ने घर में 3 स्थानों में सेंध लगाकर अंदर घुसे और वारदात को अंजाम दिया। चोरी की यह सनसनीखेज वारदात बरही थाना के नगर परिषद बरही स्थित वार्ड क्रमांक 01 में सोमवार-मंगलवार की रात घटित हुई है। वारदात की सूचना मिलते ही बरही थाना पुलिस विनोदकान्त सिंह एसआई, ब्यास गुप्ता अन्य पुलिस अमले के साथ मौके पर पहुँचे और पंचनामा कार्यवाई के साथ ही वारदात की तफ़तीस करने में जुट गए। 1 माह पूर्व भी बरही नगर के मैहर मार्ग स्थित 3 घरों में सिलसिलेवार चोरी की वारदात घटित हुई थी, जिसका अभी तक खुलाशा भी नही हुआ और अब एक बार फिर चोरी की घटना से दहशत का माहौल निर्मित है।



#### सोता रहा परिवार, घर हुआ साफ

जानकारी मुताबिक बरही के वार्ड क्रमांक 01 में रहने वाले प्रशांत बिलौहा पिता स्वर्गीय सुभाष बिलौहा के घर अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। अज्ञात चोरों ने ढाई तोला सोने के 2 मंगलसूत्र, कान की झुमकी, आधा किलो चांदी के आभूषण सहित 35000 रुपए नगदी पार कर रफूचक्कर हो गए। बताया गया है कि बिलौहा परिवार सोता रहा, उन्हें चोरी की वारदात की भनक नीद खुलने के बाद लगी।

प्रशांत बिलौहा ने बताया कि उसकी 23 वर्षीय बहन शिवी बिलौहा के ब्याह के लिए सोने-चांदी के आभूषण बनवाए गए थ, जिस चोरों ने घर मे सेंधमारी कर पार कर दिया है। नगदी सहित 3 लाख कीमती सोने-चांदी के आभूषण पार होने की जानकारी पीड़ित बिलौहा परिवार ने बरही पुलिस को दिया है, अज्ञात चोरों ने घर के पीछे की दीवाल तोड़कर बेख़ौफ़ अंदर घुसे और सोना-चांदी व नगदी रखे पेटी को बाहर खेत मे ले गए, जहां पेटी का ताला तोड़कर जेवरात और नगदी ले गए। पेटी खेत मे पड़ी मिली।



# घर बैठे कृषि योजनाओं का लाभ लेने कराएं पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

**ऐप के संबंध में किसानो को जागरूक करने कलेक्टर ने दिये निर्देश**

राज्य शासन द्वारा किसानों की सुविधा के लिये एमपी किसान ऐप का संचालन किया जा रहा है। कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा कृषकों को किसान ऐप के संबंध में ज्यादा से ज्यादा जागरूक करने के निर्देश दिए गए हैं। किसानों की सुविधा के दृष्टिगत बनाए गए किसान ऐप के माध्यम से कृषि विभाग में संचालित कृषि योजनाओं का लाभ लेने के लिए पंजीयन कराके आवेदन करना होगा।

#### दी जा रही जानकारी

उप संचालक विभाग कृषि द्वारा बताया गया कि, किसानों को मैदानी अधिकारियों के माध्यम से एम.पी. किसान ऐप की जानकारी ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को दी जा रही है। इस वर्ष 2024-25 से कृषि विभाग में संचालित योजनाओं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन दलहन, तिलहन, गेहूं, मोटा अनाज, मिलेट मिशन का लाभ लेने हेतु किसानों को ऐप के माध्यम से अपना आवेदन करना होगा। इस वर्ष खरीफ मौसम 2024 से ही जिन किसानों के ऑनलाइन आवेदन प्राप्त होंगे उन्हीं किसानों को लाभ दिया जाएगा।

#### कैसे कराएं पंजीयन

किसान अपने मोबाइल फोन में गूगल प्ले स्टोर के माध्यम से एमपी किसान ऐप डाउनलोड करें। इस ऐप में कृषि योजनाओं के बॉक्स (पंजीयन बॉक्स) में जाकर अपना पंजीयन करें। इस ऐप में किसानों द्वारा रबी, खरीफ, जायद में वोई गई फसलों के रकवे की गिरदावरी भी स्वयं भरी जा सकती है। समर्थन मूल्य पर अपनी उपज विक्रय हेतु भी पंजीयन इसी ऐप के माध्यम से कर सकता है, म.प्र. की मंडियों में फसलों के बाजार भाव, मानसून, मिट्टी नमूना विश्लेषण की रिपोर्ट मृदा उर्वरता, भूमि सीमांकन, भूमि का आधार लिकिंग, खसरा और खतौनी, पीएम किसान आदि की सुविधा दी गई है। जिसका घर बैठे लाभ ले सकते हैं। ऐप में कठिनाई आने पर अपने क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी से संपर्क कर सकते है।

**10 से 12 जुलाई तक उपस्थित होने के दिये गए हैं निर्देश**

# 3 माह की प्राप्त शिकायतों का उपस्थित होकर निराकरण कराने दिये गए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद नें जिले की सीएम हेल्पलाईन की विगत तीन की प्राप्त शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण नहीं होने तथा संतुष्टिपूर्ण शिकायतों के निराकरण की संख्या कम होने के कारण जिले एवं विभाग की ग्रेडिंग प्रभावित होने को दृष्टिगत रखते हुए संबंधित एल-1 अधिकारियों को कार्यालय कलेक्ट्रेट आपदा नियंत्रण कक्ष क्रमांक 99, लोक सेवा प्रबंधन कार्यालय में उपस्थित होकर शिकायतों का निराकरण कराने हेतु तिथियां व समय निर्धारित किया है। कलेक्टर श्री प्रसाद ने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित तिथियों में उपस्थित होकर शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराने के निर्देश दिए है।

#### इन्हे होना होगा उपस्थित

कलेक्टर श्री प्रसाद ने शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण हेतु जिन विभागों को निर्देशित किया है उनमें कलेक्ट्रेट शाखा के एल-1 अधिकारी प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, प्रसूति सहायता के विकासखंड चिकित्सा अधिकारी रीठी डॉ मेघेन्द्र श्रीवास्तव एवं विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ सिह ठाकुर, सिविल सर्जन कटनी डॉ यशवंत वर्मा, नर्मदा घाटी विकास विभाग के कार्यपालन यंत्री सहज श्रीवास्तव का नाम शामिल है। इन अधिकारियों को 10 से 12 जुलाई तक प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक उपस्थित होने के निर्देश दिए है।

समग्र आईडी की तकनीकी समस्या के सहायक ई गवर्नेंस प्रबंधक राहुल कुमार जैन नगर निगम के स्थाई अतिक्रमण हेतु उपयंत्री शैलेन्द्र प्यासी, मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के सीडीपीओ संतोष कुमार अग्रवाल, प्रसूती सहायता के विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ विनोद कुमार, एवं उमरियापान के डॉ बी.के.प्रसाद को भी 10 जुलाई से 12 जुलाई तक प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक उपस्थित होने के निर्देश दिए है। जबकि खाद्य आपूर्ति विभाग के कनिष्ठ अधिकारी प्रमोद कुमार मिश्रा, लोक निर्माण विभाग के अनुविभागीय अधिकारी नरेन्द्र कुमार अग्रवाल, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री व्ही ए सिद्धीकी, खनिज साधन विभाग के खनिज निरीक्षक अशोक कुमार मिश्रा एवं प्रसूती सहायता के विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल झामनानी का नाम शामिल है। इन्हे 15 एवं 16 जुलाई को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक उपस्थित होकर शिकायतों का निराकरण कराना होगा।

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा राजस्व विभाग के तहसीलदार विजयराघवगढ़ मनीष शुक्ला, सीमांकन हेतु तहसीलदार कटनी अजीत कुमार तिवारी, नगर निगम सिविल की शिकायतों हेतु सहायक यंत्री सुनील सिंह महिला एवं बाल विकास विभाग की सीडीपीओ गीता कोरी तथा लोक शिक्षण विभाग के बीईओ बड़वारा जतिन लहोरिया का नाम शामिल है।

### महाविद्यालय में विद्यार्थियों के बनाये लर्निंग लायसेंस



छात्रों को यातायात के नियमों की जानकारी प्रदान कर उनका लर्निंग लाइसेंस बनानें के हेतु कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर मंगलवार को शासकीय तिलक महाविद्यालय में परिवहन कार्यालय द्वारा लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान महाविद्यालय के अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को यातायात के नियमों की जानकारी तथा लर्निंग लाइसेंस की प्रक्रिया से अवगत कराया जाकर सुरक्षित परिवहन के गुर सिखाये गए। शिविर के दौरान 85 छात्र-छात्राओं के लर्निंग लाईसेंस की सुविधा भी प्रदान की गई। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य सुधीर खरें और अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी विमलेश गुप्ता, सहायक प्राध्यापक डॉ आर .पी .सिंह सहित आरटीओ का स्टॉफ एवं छात्र- छात्राएं मौजूद रही।

# विशेष अभियान के तहत दो दिन में निपटे दो सैकड़ा से अधिक नामांतराण प्रकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जिले मे सीमांकन प्रकरणों के निराकरण की तर्ज पर ही सोमवार 8 जुलाई से नामांतरण मामलों के निपटारे के लिए प्रारंभ किये गए विशेष अभियान के दूसरे दिन तक कुल 224 नामांतरण प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है।

कलेक्टर अवि प्रसाद ने जिले के सभी राजस्व अधिकारियों को सीमांकन प्रकरणों के निपटारे के लिए संचालित अभियान के साथ-साथ नामांतरण प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष अभियान चलाने के दिये गए निर्देश पर अभियान के प्रथम दिन सोमवार को 131 प्रकरणों तथा दूसरे दिन मंगलवार को 93 प्रकरणों का निराकरण किया गया।

नामांतरण मामलों के निपटारे के लिए प्रारंभ किये गए विशेष अभियान के दूसरे दिन मंगलवार को तहसील कटनी नगर द्वारा 20 नमांतरण प्रकरणों का निपटान कर अग्रणी रहा। जबकि दूसरे नंबर पर तहसील रीठी द्वारा 18 नामंतरण प्रकरणों का निपटान किया गया। इसी तरह तहसील स्लीमनाबाद अभियान के दूसरे दिन 17 प्रकरणों का निपटारा तृतीय स्थान पर रहा। जबकि नामांतरण प्रकरणों के निपटारे के मामले मे मंगलवार को तहसील कटनी नगर द्वारा 12 प्रकरण, ढीमरखेड़ा में 5 प्रकरण, बडवारा में 10 प्रकरण तथा बरही में 5 प्रकरणों का निराकरण किया गया।

कलेक्टर ने सोमवार 8 जुलाई से शुरू हो रहे नामांतरण प्रकरणों के निराकरण के विशेष अभियान के तहत नामांतरण प्रकरणों के निपटारे हेतु नायब तहसीलदारों को प्रतिदिन नामांतरण के कम से कम पांच और तहसीलदार को 10 प्रकरणों के निराकरण का लक्ष्य निर्धारित किया है।

**झूलेलाल मंदिर में हुए भजन कीर्तन, अखंड ज्योति की गई प्रज्जवलित**

# झूलेलाल चालीहा महोत्सव का हुआ शुभारंभ, प्रतिदिन धार्मिक कार्यक्रमों का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भगवान झूलेलाल चालीहा महोत्सव की शुरुआत मंगलवार से की गई। इस दौरान गुरुनानक वार्ड स्थिति भगवान झूलेलाल मंदिर में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर श्रद्धालुओं की उपस्थिति में पूज्य बहराणे साहिब की पूजा अर्चना, पल्लव आरती और भजन कीर्तन के साथ भगवान झूलेलाल की अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित की गई। साथ ही संकल्प बंधन से व्रत की शुरुआत के साथ चालीहां महोत्सव का शुभारंभ किया। अब से चालीस दिनों तक भजन, कीर्तन सहित धार्मिक आयोजन किए जाएंगे।



हर रविवार सुबह 8 बजे कटाए घाट के तट पर जल देवता की पूजा अर्चना कर देश की खुशहाली की कामना भी की जाएगी। इस अवसर पर झूलेलाल मंदिर गुरुनानक वार्ड में प्रतिदिन विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सुबह 8 बजे और शाम 8 बजे गीत संगीत, आरती पल्लव, प्रार्थना, पूजा-अर्चना, प्रसाद वितरण किया जाएगा।

हर रविवार को सुबह 8 बजे कटाए घाट के तट पर जल देवता की पूजा अर्चना, अखो पल्लव, आरती, अरदास, भजन कीर्तन के आयोजन होंगे। इस अवसर पर समिति प्रतिदिन दीनबंधु भंडारा, कन्या भोज, शासकीय हॉस्पिटल, बाबा माधव शाह हॉस्पिटल में फल वितरण और गरीबों को राशन वितरण भी करेगी।

### जनसुनवाई में आये 116 आवेदकों ने अधिकारियों को बताई अपनी परेशानी

# कलेक्टर ने सुनी समस्याएं, अधिकारियों को निराकरण के दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद की मौजूदगी में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जिसमें जिले भर से आये लगभग 116 आवेदकों ने अपनी समस्या अधिकारियों के समक्ष रखते हुये अपना आवेदन अधिकारियों को दिया। कलेक्टर अवि प्रसाद ने प्राप्त आवेदनों पर सुनवाई करते हुए यथोचित निराकरण के संबंध में विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर साधना परस्ते, संयुक्त कलेक्टर संस्कृति शर्मा, डिप्टी कलेक्टर विवेक गुप्ता सहित तहसीलदार नेहा जैन नें भी आवेदकों की समस्याएं सुनी।



जनसुनवाई में कटनी तहसील अन्तर्गत ग्राम सलैया से आये शेख इस्लाम ने किसान सम्मान निधि की राशि बैंक खाता में नहीं आने की जानकारी से अवगत कराते हुए आवेदन कलेक्टर को दिया। शेख इस्लाम ने बताया कि उसके द्वारा भूमि के समस्त दस्तावेज हल्का पटवारी को दे दिए गए है। इस पर कलेक्टर द्वारा एस.एल.आर को प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इसी तरह एक अन्य प्रकरण में ग्राम छपरा निवासी साहब लाल के खाते मे अगस्त 2023 से किसान सम्मान निधि की राशि न आने पर एस.एल.आर को निर्देशित किया।

चाका से आईं आवेदिका स्नेहलता मिश्रा पिता स्वर्गीय विजय कुमार परौहा द्वारा जनसुनवाई में कलेक्टर से बताया कि उसके पिता स्वर्गीय विजय कुमार परौहा की मृत्यु के पश्चात मॉ सुमित्रा देवी परौहा एवं बहन रेखा तिवारी के नाम चाका स्थित भूमियों का नामांतरण न होने के कारण कृषि उपकरण अनुदान संबंधी समस्याओं से अवगत कराया गया। इस पर कलेक्टर ने तहसीलदार कटनी नगर को शिकायत के संबंध में त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

जनपद पंचायत कटनी के जनपद सदस्य कृपाल सिंह गौड़ ने जनसुनवाई में आवेदन देते हुये बताया कि वह ग्राम करहिया मे भूमि रेल्वे लाईन मे अधिग्रहित की गई भूमि के मुआवजा राशि भुगतान हेतु 6 माह से भू- अर्जन की राशि का भुगतान कराने संबंधी प्रस्तुत आवेदन पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटनी को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए।

अर्जुन तिवारी पिता रामावतार तिवारी निवासी महाराण प्रताव वार्ड नंबर 2 बरही द्वारा पिता रामावतार तिवारी की किडनी प्रत्यारोपण हेतु विवाह प्रमाण पत्र की आवश्कता के संबंध मे जानकारी दिये जाने पर कलेक्टर श्री प्रासाद द्वारा अपर केक्टर को प्रकरण में उचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान सहायता राशि प्रदान किये जाने, एलएनटी द्वारा छपरवाह में क्षतिग्रस्त पोल की मरम्मत कराये जाने बावत, नामांतरण की नकल प्रदान करने बावत, घर में हुई चोरी की शिकायत के संबंध में रिपोर्ट न लिखे जाने विषयक सहित अन्य आवेदनों पर सुनवाई की जाकर विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। कलेक्टर एवं अधिकारियों ने आवेदकों के आवेदनों में से एक-एक कर सुनवाई की। स्थानीय स्तर पर तत्काल समाधान हो सकने वाले आवेदनों में अधिकारियों ने जनसुनवाई में आये आवेदकों से प्राप्त आवेदनों पर सभी संबंधित अधिकारियों को समस्या का समाधान करने के निर्देश दिये। तत्काल समाधान ना हो सकने वाले आवेदनों में समय-सीमा निर्धारित कर प्रकरणों का निराकरण करने हेतु ने निर्देशित किया।

# प्रधानाध्यापक निलंबित उपयंत्री को थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विकासखंड बड़वारा के शासकीय प्राथमिक शाला सेहराटोला केवलारी के स्कूल भवन के बरामदे की छत की प्लास्टर अचानक गिर जाने से घटित घटना के बाद चार छात्रों के चोटिल होने के संबंध मे प्राप्त जांच प्रतिवेदन के आधार पर डीईओ पृथ्वी पाल सिंह ने प्रभारी प्रधानाध्यापक शिव कुमार सिंह चंदेल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। वहीं उपयंत्री अफरोज खान से डीपीसी के.के.डेहरिया ने स्कूल भवन के जर्जर व छत खराब होने की पूर्व सूचना नहीं देने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

निलंबन अवधि में प्रभारी प्रधानाध्यापक शिव कुमार सिंह चंदेल को जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता रहेगी और निलंबन अवधि मे इनका मुख्यालय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक बरही नियत किया गया है।

बताते चलें की सेहरा टोला स्कूल भवन के बरामदे की छत का प्लास्टर सोमवार को गिरने से स्कूल के चार छात्रों को मामूली चोटें आई थी और यहां के प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा चूने की पुताई के ऊपर प्लास्टर कराया जाना पाया गया । जबकि स्कूल भवन के बरामदे की छत के प्लास्टर की रिपेयरिंग लगभग 8-10 वर्ष पूर्व कराई गई थी। जिसके कारण प्लास्टर की परत की पपड़ी बच्चों के ऊपर गिरने से घटना घटित हुई। जांच प्रतिवेदन में उल्लेखित किया गया है कि भवन की खराब स्थिति के संबंध में प्रधानाध्यपाक द्वारा वरिष्ठ कार्यालय को किसी प्रकार का पत्राचार नहीं किया गया। इनका यह कृत्य पदीय दायित्वों के प्रति लापरवाही को प्रदर्शित करता है और मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम के विपरीत कदाचरण की श्रेणी में आता है।

**खबर संक्षेप**

### औद्योगिक विवाद का प्रकरण श्रम न्यायालय जबलपुर के सुपुर्द

**कटनी।** सेवानियुक्त मुकेश गौतम और सेवा नियोजक कारखाना प्रबंधक एसोसिएट सीमेंट कंपनी अडानी लिमिटेड के मध्य विद्यमान औद्योगिक विवाद का प्रकरण उप श्रमायुक्त औद्योगिक संस्था इंदौर ने श्रम न्यायालय जबलपुर को सौंप दिया है। औद्योगिक विवाद अधिनियम के अंतर्गत गठित श्रम न्यायालय जबलपुर को विवाद के संबंध में जिन बिंदुओं पर निर्णय करना है, उनमे क्या आवेदक सेवा नियुक्त मुकेश गौतम सेवा नियोजक द्वारा किया गया सेवा पृथककरण वैध एवं उचित है ? यदि नहीं तो सेवा नियुक्त किस सहायता का पात्र है और इस संबंध मे सेवा नियोजन को क्या निर्देश दिये जानें चाहिए।

### जिले में अब तक 139.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में 1 जून 2024 से मंगलवार 9 जुलाई 2024 की प्रातः तक कुल 139.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में कुल 269.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार वर्ष 2024 में अब तक कुल 129.7 मिलीमीटर कम वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 जून से मंगलवार 9 जुलाई 2024 तक जिले के तहसीलवार वर्षा मापी केन्द्र कटनी मे 128.2 मिलीमीटर, रीठी में 140.9, बड़वारा में 87.0 मिलीमीटर, बरही में 114.0 मिमी, विजयराघवगढ़ में 104.3 मिमी, बहोरीबंद मे 142.2 मिलीमीटर स्लीमनाबाद में 136.8 मिलीमीटर, ढीमरखेड़ा 190.2 मिलीमीटर वर्षा वर्षामापी केन्द्र में दर्ज की गई है।

### जिले के युवा करेंगे फसलों की गिरदावरी

**कटनी।** राज्य शासन द्वारा दिए गए दिशा निर्देशानुसार जिले में फसलों की गिरदावरी के लिए अब युवाओं को भी जोड़ा जाएगा। इसके लिए इच्छुक युवाओं से 15 जुलाई तक आनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते ने बताया कि फसलों की मध्यप्रदेश भू अभिलेख नियमावली के अनुसार फसल गिरदावरी कार्य वर्ष में तीन बार (मौसम खरीफ रबी/जायद) में सारा एप के माध्यम से की जाती है। जिसका उपयोग उपार्जन, फसल बीमा आदि योजनाओं में सतत रूप से किया जाता है। फसल गिरदावरी कार्य में पारदर्शिता लाने के लिए भारत सरकार द्वारा डिजिटल क्राप सर्वे का कार्य प्रारंभ किया गया है। यह प्रत्येक मौसम के लिए लगभग 45 दिन की कार्रवाई होती है। जिसमें जिओ फेंस (पार्सल लेवल) तकनीक के माध्यम से खेत में फसल का फोटो खींचकर फसल सर्वेक्षण का कार्य नियत अंतराल में पूर्ण किया जाएगा। इस योजना में मौसम खरीफ डिजिटल क्राप सर्वेक्षण के लिए सर्वेयर पंजीयन 10 जुलाई 2024 तक किए जाएं। उक्त कार्य के लिए ग्राम के. स्थानीय युवा व निकटतम ग्राम पंचायत के निवासी जिनकी आयु 18 वर्ष से 40 वर्ष के मध्य हो भूअभिलेख के पोर्टल पर पंजीयन के लिए पात्र हैं, वे पंजीयन करवाए हैं।

---

**कलेक्टर और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में आयोजित बैठक में बनी कार्ययोजना**

# एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत जिले भर में रोपे जायेंगे 16 लाख पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान के तहत कटनी जिले मे करीब 16 लाख पौधे रोपे जाएगें। इन पौधों की सुरक्षा व देखभाल तथा पानी से सिचाई की व्यवस्था पर भी खास ध्यान दिया जायेगा। यह जानकारी मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मे कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित ''एक पेड़ मा के नाम अभियान'' के तहत जिले भर में किये जाने वाले वृहद पौधारोपण कार्यक्रम के लिए तैयार की जाने वाली कार्ययोजना के संबंध में आयोजित बैठक में दी गई।

बैठक की शुरूआत मे कलेक्टर श्री प्रसाद ने बैठक के आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। इस दौरान जनप्रतिनिधियों से पौधारोपण के संबंध मे कई महत्वपूर्ण सुझाव मिले। जिसमें कहा गया कि पौधारोपण केवल सरकार का नहीं बल्कि समाज का अभियान है। इसलिए इस कार्य मे व्यापक सामाजिक जनभागीदारी को समाहित किया जाये। वनमंडल अधिकारी गौरव शर्मा ने बताया कि जिले में दो हजार हेक्टेयर भू-क्षेत्र मे 12 लाख पौधे लगाये जाएगें। जिले भर में व्यापक पैमाने पर जन अभियान के स्वरूप मे पौधारोपण किया जायेगा। वहीं नगर निगम द्वारा ढ़ाई लाख और मनरेगा योजना अंतर्गत 58 हजार पौधों के अलावा, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, सामाजिक एवं स्वैच्छिक संगठनों तथा औद्योगिक ईकाइयों द्वारा भी व्यापक पैमाने पर पौधारोपण किया जायेगा।

बैठक मे डीएफओ श्री शर्मा ने बताया कि गुलवारा स्थित नगर वन मे 12 जुलाई को विधायक मुड़वारा संदीप श्रीप्रसाद जायसवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और स्कूलों के छात्र तथा शासकीय कन्या महाविद्यालय की छात्राओं की सहभागिता से यहां 10 हजार पौधे लगाए जायेंगे। पौधों की हिफाजत के लिए फेन्सिंग और सिंचाई के लिए पानी की व्यवस्था भी यहां की जायेगी। पूर्ण विकसित होने के बाद यह नगर वन कटनी शहर का नया आक्सीजन जोन बन जायेगा।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने कहा कि सघन और बड़े भू-क्षेत्र में पौधारोपण हेतु क्षेत्रों को चिन्हित कर पौधे लगाये जाएं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि स्कूल व आंगनबाड़ी परिसर में पौधारोपण करते समय बच्चों के पालकों और अभिभावकों को भी आमंत्रित करें और उसी संस्था के छात्रों के नाम पर पौधे रोपें। जिससे उनके माता- पिता बच्चे के नाम की आत्मीयता से जुड़ाव महसूस करते हुए पौधे की देखभाल मे भी सहयोगी बनेंगें।

जिला योजना समिति के सदस्य दीपक टंडन सोनी ने कटनी नदी एवं केन नदी सहित जिले से निकलने वाली नदियों के उद्गम स्थल पर व्यापक पौधारोपण का सुझाव देते हुए इस अभियान मे जनभागीदारी बढ़ानें की बात कही। उन्होंने पौधारोपण के इस कार्य में आजीविका और स्वसहायता समूह की महिलाओं की सहभागिता तय करने का सुझाव दिया। साथ ही कहा कि बाउन्ड्रीवाल वाले स्थानों मे पौधों की सुरक्षा के लिए चौकीदार और पानी देने की व्यवस्था होना अत्यंत आवश्यक है। साथ ही उन्होंने बड़वारा के नन्हवारा और भदौरा मे जनभागीदारी से पौधारोपण कर उनकी सिचाई एवं सुरक्षा की व्यवस्था के लिए सहयोगी बननें के इच्छुक लोगों की जानकारी बैठक मे दी।

बैठक मे जनपद पंचायत कटनी के सीईओ प्रदीप सिंह ने बताया कि गुबराधरी और सरसवाही मे व्यापक पैमाने पर पौधारोपण करनें की तैयारी है। यहां दौनों जगहों पर तीन -तीन हजार पौधे आम, आवला, नीबू और मुनगा के रोपे जाएगें। इसी प्रकार विजयराघवगढ़ के पिपरा स्कूल परिसर के पीछे और पोनिंया मे करीब ढ़ाई हजार पौधे लगाए जाएगें जिसमें सर्वाधिक मात्रा मे आंवला एवं आम के पौधे रोपें जाएगें।

कलेक्टर ने कटनीवासियों से पौधारोपण के इस महाभियान से जुड़ने की अपील की है। कहा है कि पौधारोपण कर न केवल हम पर्यावरण को बचायेंगे ,बल्कि वानिकीकरण में भी अपनी भूमिका निभाएंगे । पौधारोपण के इस नेक अभियान से सभी जुड़ें ।

---



# मंदिर के सामने चले रहे स्पा में जड़ा ताला, सामान हटाने निर्देश

**बस स्टैण्ड पुलिस ने की कार्यवाही, स्थानीय लोगों में प्रसन्नता**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बस स्टैंड चौकी प्रभारी ने मंगलवार के दिन बजरंगबली हनुमान मंदिर के सामने संचालित रेड रोज स्पा में ताला जड़ते हुए उसके बोर्ड बैनर हटवा दिए और जल्द से जल्द स्पा के अंदर मौजूद सामान को यहां से हटा लेने की हिदायत संचालक को दे दी। जानकारी देते हुए बस स्टैंड चौकी प्रभारी अंकित मिश्रा ने बताया कि मंदिर के सामने स्पा संचालित होने की जानकारी लगते ही पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के द्वारा स्पा को हटवाने के निर्देश दिए गए। इसके बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक ख्याति मिश्रा, कोतवाली थाना प्रभारी आशीष शर्मा के मार्गदर्शन में मंगलवार के दिन मंदिर के सामने मौजूद स्पा को हटाने की कार्यवाही को अंजाम दिया गया। सुबह चौकी का बल स्पा पहुंचा और वहां पर मौजूद पोस्ट बैनर को हटवाते हुए स्पा में ताले डलवा दिए गए। बजरंगबली हनुमान मंदिर के सामने संचालित स्पा को पुलिस के द्वारा हटाए जाने के बाद स्थानीय लोगों ने राहत की सांस लेते हुए पुलिस की इस कार्यवाही के प्रति प्रसन्नता जाहिर करते हुए पुलिस का आभार व्यक्त किया है।

---

**गोपनीय चरित्रावली में हुई देरी पर दोषियों पर कार्यवाही का प्रस्ताव**

# 25 जुलाई के पूर्व जारी होंगे क्रमोन्नत वेतनमान के आदेश, अनशन स्थगित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले में नवीन शैक्षिक संवर्ग के क्रमोन्नति आदेशों में हो रहे अत्यंत विलंब के विरोध में शासकीय शिक्षक संगठन के प्रांताध्यक्ष राकेश दुबे द्वारा 10 जुलाई से अनशन की घोषणा की गई थी। इस परिपेक्ष्य में जिला शिक्षा अधिकारी कटनी पी पी सिंह, समस्त सहायक संचालक शिक्षा, समस्त विकास खंड शिक्षा अधिकारी जिला कटनी, समस्त सदस्य विभागीय पदोन्नति/ क्रमोन्नति समिति जिला कटनी की राकेश दुबे प्रांताध्यक्ष शासकीय शिक्षक संगठन के मध्य लगभग डेढ़ घण्टे तक चली वार्ता के दौरान क्रमोन्नति आदेश में विलंब का कारण गोपनीय चरित्रावली आने में हुई देरी को मानते हुए इसके दोषी तत्कालीन विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं संकुल प्राचार्यों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु प्रस्ताव आयुक्त लोक शिक्षण भोपाल भेजने पर भी सहमति बनी। वार्ता में आंदोलन संचालन समिति के संयोजक देवेंद्र तिवारी एवं सह संयोजक रजनीश तिवारी भी उपस्थित रहे।

प्रांताध्यक्ष शासकीय शिक्षक संगठन राकेश दुबे ने स्पष्ट किया कि चूंकि विकासखण्डवार समीक्षा पर यह पाया गया कि ढीमरखेड़ा एवं रीठी विकासखण्ड की सूचियों (गोपनीय चरित्रावली एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज सहित) के जिला कार्यालय न पहुंचने के कारण उक्त विलंब हो रहा है अतः दोषी तत्कालीन विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं संकुल प्राचार्यों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु प्रस्ताव आयुक्त लोकशिक्षण भोपाल भेजने की सहमति पर 25 जुलाई तक के लिए अनशन केवल स्थगित किया गया है। यदि दोषी तत्कालीन विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं संकुल प्राचार्यों के विरुद्ध कार्यवाही नही होती है तो भी संगठन आंदोलनात्मक कदम उठाएगा।

इस सकारात्मक कदम पर शासकीय शिक्षक संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष जगत पटेल, प्रांतीय संगठन मंत्री मनीष सिंह गौतम, प्रदेश सह सचिव शालिनी तिवारी, अनीता यादव जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा ने संगठन एवं नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है।

---

## भाजपा महिला मोर्चा की महिलाओं ने रोपे पौधे



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष माया नारोलिया के निर्देशानुसार, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी के मार्गदर्शन में महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सीमा जैन सोगानी के नेतृत्व में महिला मोर्चा की बहनों द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत कटनी के सभी मंडलों में पौधरोपण किये जा रहे हैं। महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने अशोक, नीम, रीठा और आंवले के पौधे रोपण किए। पेड़ लाने से लेकर गड्ढे खोदकर पौधारोपण करने का सारा काम महिला मोर्चा की बहनों द्वारा ही किया गया। महिलाओं ने बताया कि आज माँ के नाम पर पेड़ लगाकर उन्हें बहुत खुशी हुई और एक जिम्मेदारी भी मिली।

---

# महिलाओं को विभिन्न योजनाओं की दी गई जानकारी, दस्तावेज कराएं अपडेट

**विजयराघवगढ़ में मिशन शक्ति अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवम बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में परियोजना कार्यालय महिला एवम बाल विकास विभाग विजयराघवगढ़ में मिशन शक्ति के लिए 100 दिवस जागरूकता अभियान के अंतर्गत महिलाओं को उनके अधिकार,उनसे संबंधित योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। अधिक जानकारी देते हुए परियोजना अधिकारी संतोष कुमार अग्रवाल ने बताया कि महिलाओं को आज विभाग की योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लड़की लक्ष्मी योजना,लड़की बहना योजना आदि के संबंध में जागरूक किया गया।उन्हे इस संबंध में जरूरी दस्तावेज,कार्यवाही एवम आधार कार्ड को अपडेट करने के लिए भी समझाइश दी गई , जिससे सरकार की योजनाओं का लाभ डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर के माध्यम से आप सभी को मिल सके।आधार कार्ड में गलत जानकारी या अपडेट न होने से कई योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता है।प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में नए अपडेट के साथ दूसरी बच्ची होने पर मिलने वाली राशि के बारे में भी जानकारी दो गई।

इस अवसर पर परियोजना अधिकारी संतोष अग्रवाल, पर्यवेक्षक मनोरमा श्रीवास्तव,संध्या शुक्ला, मीना तिवारी ,ऋतु ठाकुर, किरण सराफ, कीर्ति बनकर,स्वेता गोस्वामी, विश्वजीत तिवारी ,लवली ताम्रकार, उपस्थित थे।

---

**प्रवेश परीक्षा के माध्यम से मैरिट के आधार पर होगा चयन**

# शासकीय कन्या शिक्षा परिसर की कक्षा 7वीं से 12वीं तक 99 छात्रों को मिलेगा प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय कन्या शिक्षा परिसर में कक्षा 7वीं 8वीं, 9वीं, 10वीं, 11वीं एवं 12वीं की कक्षाओं में रिक्त कुल 99 सीटों को विद्यालय स्तर पर प्रवेश परीक्षा के माध्यम से मैरिट के आधार पर भरा जाना है। जिस हेतु अंतिम तिथि 12 जुलाई तथा प्रवेश परीक्षा की तिथि 13 जुलाई को दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक निर्धारित है। प्राचार्य शासकीय कन्या शिक्षा परिसर कटनी ने बताया कि शासकीय कन्या शिक्षा परिसर में कक्षा 7वीं हेतु कुल 8 रिक्त सीट है जिस हेतु उम्र 11 से 14 वर्ष निर्धारित है। इसी तरह कक्षा 8वीं हेतु रिक्त 8 सीटों के लिए उम्र 12 से 15 वर्ष तथा कक्षा 9 वीं की 1 रिक्त सीट हेतु उम्र 13 से 16 वर्ष निर्धारित है। जबकि कक्षा 10वीं हेतु 16 रिक्त सीटों के लिए उम्र 14 से 17 वर्ष पूर्व परीक्षा सीबीएसई बोर्ड से उत्तीर्ण होना आवश्यक है। जबकि कक्षा 11वीं की रिक्त 20 सीटों के लिए कक्षा 10वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने के वर्ष मे तथा कक्षा 12वीं हेतु रिक्त 28 सीटों के लिए पूर्व कक्षा 11 की परीक्षा सीबीएसई बोर्ड से उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

शासकीय कन्या शिक्षा परिसर में प्रवेश हेतु विकलग विद्यार्थियों को अधिकतम आयु सीमा में दो वर्ष की छूट रहेगी। पिछली कक्षा में न्युनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। कक्षा 11वी में प्रवेश के लिये आयु सीमा में प्रतिबंध नहीं है. बशर्ते विद्यार्थी दसवी कक्षा की परीक्षा उर्बीण करने के वर्ष में प्रवेश मांगा हो। इसी प्रकार विद्यार्थी को कक्षा 12वी में प्रवेश के लिये कोई ऊपरी एवं निचली आयुसीमा में प्रतिबंध नहीं है, बशर्ते कक्षा 11 वी उर्बीण करने के वर्ष में प्रवेश मांगा हों। अभ्यार्थी का प्रोफाइल पंजीकरण अनुसूचित जनजाति वर्ग का होना चाहियें।

आरक्षण कुल सीट में से अनुसूचित जनजाति के लिये 85 प्रतिशत पीवीटीजी वर्ग के लिये 5 प्रतिशत एवं अधिसूचित घुमक्कड, अर्द्धघुमक्कड समुदाय के वे विद्यार्थी जो अपने माता-पिता को खो दिया है, विधवा कि संतान, दिव्यांग, दिव्यांग माता पिता की संतान, अनाथ, भूमि दाता जिन्होने विद्यालय भवन के लिये भूमिदान किया हो, की संतान के लिये 10 प्रतिशत सीट आरक्षित है। ऐसी छात्राए जो उपरोक्त में से किसी श्रेणी के अंतर्गत प्रवेश के लिये आवेदन करना चाहते है उन्हे संबधित श्रेणी का प्रमाण पत्र आवेदन के साथ जमा कारण अनिवार्य होगा। प्रवेश की सम्पूर्ण प्रक्रिया एमपीएसएआरए द्वारा जारी प्रवेश के मापदण्ड के अनुसार होगी। आवेदन विद्यालय की मेल आई डी में अपलोड कर या विद्यालय समय सुबह 10.30 बजे से भााम 4:30 बजे तक जमा कर सकते है। गलत अभिलेखों के आधार पर प्रदेश उपरांत प्राचार्य द्वारा प्रवेश निरस्त कर दिया जावेगा। जिस पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

प्रवेश हेतु आवश्यक दस्तावेजों की छायाप्रति के तहत पूर्व कक्षा के अंकसूची की प्रमाणित छायाप्रति, प्रोफाइल पंजीयन, जाति प्रमाण पत्र की प्रमाणित छायाप्रति, आधार कार्ड की छायाप्रति, समग्र आई.डी. की छायाप्रति, आय प्रमाण पत्र की छायाप्रति, छात्रा की नवीनतम फोटो (पासपोर्ट साइज नाम एवं कक्षा लिखा हुआ) 03 प्रति, छात्रा के साथ माता पिता, अभिभावक की फोटो 2 नग, एक्टिव बैंक खाता की छायाप्रति, आरक्षण से संबंधित सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र आवश्यक है।

---

**11 में से ई उपार्जन पोर्टल में 8 केन्द्रों में खरीदी की प्राप्त हुई अनुमति**

# ग्रीष्मकालीन मूंग उड़द खरीदी के लिए उपार्जन स्थलों में संशोधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले मे ई- उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत पात्र कृषकों से समर्थन मूल्य पर औसत अच्छी गुणवत्ता के ग्रीष्म कालीन मूंग व उड़द के उपार्जन हेतु बनाये गए 11 उपार्जन केन्द्रों मे से ई- उपार्जन पोर्टल में 8 उपार्जन केन्द्रों की अनुमति प्राप्त होने के कारण जिले मे वर्तमान मे 8 केन्द्रों में ही मूंग व उड़द की खरीदी हो रही है।

उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विभाग ने बताया कि पूर्व मे जारी उपार्जन केन्द्रों के उपार्जन स्थलों मे संशोधन किया गया है। जिले के संशोधित 8 उपार्जन केन्द्रों के नाम निम्नांकित है।

### उपार्जन संस्था व स्थल

कलेक्टर श्री प्रसाद ने कटनी नगर में विपणन सहकारी संस्था कटनी उपार्जन संस्था और सी डब्ल्यू सी वेयर हॉउस इन्द्रा नगर कटनी उपार्जन स्थल बनाया गया है। ढीमरखेडा तहसील में ही प्राथमिक कृषि साख समिति झिन्ना पिपरिया को उपार्जन संस्था एवं शिवान्या वेयर हॉउस 79 झिन्ना पिपरिया को उपार्जन स्थल तथा बड़वारा तहसील में किसान सहकारी विपणन समिति बडवारा को उपार्जन संस्था उपार्जन स्थल राय वेयर हाउस यूनिट -2 तथा बरही तहसील में प्राथमिक कृषि साख समिति पिपरियाकला को उपार्जन संस्था एवं ललिराज वेअर हाउस - 106 बरही को उपार्जन स्थल एवं बहोरीबंद तहसील में प्राथमिक कृषि साख समिति बहोरीबंद को उपार्जन संस्था व एस डब्ल्यू सी वेयर हाऊस 144 को उपार्जन स्थल और बहोरीबंद तहसील में प्राथमिक कृषि साख समिति कुँआ को उपार्जन संस्था और नरसिंह वेयर हाउस जुजावल को उपार्जन स्थल बनाया गया है। इसी प्रकार विजयराघवगढ तहसील में प्राथमिक कृषि साख समिति सिंगौडी को उपार्जन संस्था एवं अन्नपूर्णा वेयर हाउस 133 डोकरिया को उपार्जन स्थल के अलावा रीठी तहसील में कृषि विपणन सहकारी समिति रीठी को उपार्जन संस्था एवं पूजा वेयर हाउस 101, ग्राम देवडोंगरा को उपार्जन स्थल बनाया गया है। उपार्जन नीति के अनुसार औसत अच्छी गुणवत्ता के ग्रीष्मकालीन मूंग के उपार्जन हेतु समर्थन मूल्य क्रमशः 8 हज़ार 558 रूपए प्रति क्विंटल तथा उड़द का समर्थन मूल्य 6 हजार 950 रूपए-प्रति क्विंटल निर्धारित है।उपार्जन कार्य सप्ताह मंद 5 दिवस सोमवार से शुक्रवार प्रातः 8.00 बजे से सांय 8.00 बजे तक किया जायेगा।

### उपार्जन मापदंड

कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि फसल हेतु निर्धारित एफ ए क्यू अनुसार ही केन्द्र में आनी वाली आवक का उपार्जन किया जाना सुनिश्चित करें। उपार्जन केन्द्र संचालन संस्था द्वारा केन्द्र पर आवश्यक भौतिक संसाधन की व्यवस्था की जावे, वर्षा कालीन स्थिति को देखते हुये गुणवत्ता युक्त वॉटरप्रूफ तिरपॉल,कव्हर की व्यवस्था करें, जिससे वर्षा की स्थिति में उपार्जित स्कंध गीला न हो। उपार्जन केन्द्र पर एम एस पी एफ ए क्यू तथा निर्मस उपार्जन एवं भुगतान की प्रक्रिया को स्थानीय भाषा में प्रचार-प्रसार हेतु डिस्प्ले कराना अनिवार्य है।केन्द्र पर पीने के पानी एवं शौचालय की व्यवस्था की जावे।केन्द्र पर हार्डवेयर एवं तकनीकी कर्मचारियों की व्यवस्था की जावे। केन्द्र पर किसानों की उपज को छनाई एवं साफ करने की व्यवस्था सुनिश्चित करे।

### ये दस्तावेज केन्द्र में लाना जरूरी

कृषकों को अपने उपज विक्रय के समय उपार्जन केन्द्र पर आधार कार्ड की प्रति, आधार कार्ड खातें से लिंक बैंक खाता नंबर,आई.एफ.सी. कोड एवं शाखा, समग्र सदस्य आई.डी की प्रति (न होने की दशा में पेन कार्ड की प्रति), वनाअधिकार पट्टाधारी को पट्टे की प्रति, किसान पंजीयन पर्ची का हस्ताक्षरित प्रिंटआउट, खसरे,ऋण पुस्तिका (मोबाईल ऐप से पंजीयन कराने वाले किसानों हेतु) दस्तावेज जमा करना होगा, जिनका मिलान केन्द्र प्रभारी द्वारा किया जायेगा एवं मिलान होने के उपरांत कृषक तौल पर्ची जारी करने की कार्यवाही की जायेगी। जिन कृषकों द्वारा पंजीयन के समय उक्त दस्तावेज दिये गये है, उनकों पुनः दस्तावेज उपलब्ध कराने की आवश्यकता नहीं।

---

# दुराचार का आरोपित गिरफ्तार, ग्रामीणों ने चप्पल की माला पहनाकर घुमाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



दुराचार की शिकार एक किशोरी न्याय पाने के लिए थाना के चक्कर लगाती रही। विधायक एवं एसपी के हस्तक्षेप के बाद उसकी शिकायत दर्ज की गई। मामला माधवनगर थाना क्षेत्र का है। घटना के बाद आरोपी युवती को जंगल में ही छोड़कर फरार हो गया। नाबालिग के साथ ज्यादती करने वाले आरोपी के विरुद्ध पुलिस ने अलग-अलग धाराओं के तहत मामला कायम कर लिया है।

घटना से डरी-सहमी पीड़िता सोमवार को परिजनों के साथ एसपी अभिजीत रंजन के पास पहुंची। परिजनों और पीड़िता ने एसपी को आपबीती बताई। जिसके बाद एसपी ने त्वरित एक्शन लेते हुए माधवनगर थाने को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए जिसके बाद आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही की गई। ओर आज आरोपी क़ो पकड़ लिया गया।

बताया जाता है कि आरोपी और नाबालिग एक ही गांव के रहने वाले रहे। नाबालिग घटना के दिन अपने छोटे भाई के साथ तालाब के समीप घर के मवेशी को खोजने गई थी। उसी समय रास्ते में आरोपी ने ट्रैक्टर में पीड़िता को जबरन बैठा लिया। छोटे भाई ने विरोध जताया तो उसे ढकेल दिया। इसके बाद जंगल की तरफ लेकर गया और वहां पर दुष्कृत्य करने के बाद जान से मारने की धमकी दी।

पीड़िता ज्यादती की घटना से सहमी रही। उसकी बहन जब जबलपुर से आई तो उसने पूरी जानकारी दी। जिसके बाद 6 जुलाई को परिजन थाने पहुंचे हुए थे। यहां पर 6 जुलाई को महिला पुलिस अधिकारी ने बयान भी लिया था। आरोपी के विरुद्ध किसी तरह की कार्यवाही नहीं होने की जानकारी पीड़ित के परिवार ने सोमवार को एसपी को दी थी जिसके बाद माधव नगर पुलिस ने आरोपी क़ो गिरफ्तार कर लिया। स्थानीय लोगों ने आरोपी क़ो चप्पल की माला पहना कर गांव मे घुमाया।

**खबर संक्षेप**

### माझी युवा समाज जिला दमोह के अध्यक्ष बने विशाल केवट

**तेंदूखेड़ा।** माझी युवा समाज के प्रदेश अध्यक्ष व दमोह माझी समाज के ग्रामीण जिला अध्यक्ष मोंटी रायकवार ने समाज के वरिष्ठ जनों की सहमति से तेंदूखेड़ा नगर के वार्ड क्रमांक 2 निवासी विशाल केवट के लिए दमोह जिले की माझी युवा समाज के जिला अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त माझी युवा जिलाध्यक्ष विशाल केवट की नियुक्ति पर समाज में अत्यंत हर्ष व्याप्त है। साथ ही स्वजातीय

### एक वर्षीय सेवा कालीन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के लिये आवेदन 15 जुलाई तक

**दमोह।** प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग में एक वर्षीय सेवा कालीन प्रशिक्षण (अग्रेंजी भाषा) प्रारंभ किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण राज्य शिक्षा केन्द्र के अंतर्गत संचालित आंग्ल भाषा शिक्षण संस्थान (इंग्लिश लैंगवेज टीचिंग इन्स्टीट्यूट) में दिया जाएगा। यह पाठ्यक्रम बरकतउल्ला विश्वविद्यालय से संबद्ध है। राज्य शिक्षा केन्द्र ने स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षकों से प्रशिक्षण के लिये आवेदन आमंत्रित किये हैं। आवेदन 15 जुलाई 2024 तक जमा कराये जा सकते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी एवं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग को पत्र लिखकर प्रत्येक जिले से कम से कम 2 पात्र आवेदकों के आवेदन के माध्यम से भेजने के निर्देश दिये गये हैं। कार्यक्रम पाठ्यक्रम वर्ष 2024-25 के लिये आयोजित किया जा रहा है। पाठ्यक्रम में प्रदेश के प्रत्येक जिले का प्रतिनिधित्व हो, यह सुनिश्चित करने के लिये कहा गया है। यह प्रशिक्षण अंग्रेजी भाषा के शिक्षकों के लिये राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षकों में कौशल विकास किया जाता है।

### वृक्ष का पौधा लगाकर मनाया जन्मदिन

**पन्ना।** उत्तर वन मंडल के पन्ना वन परक्षेत्र अधिकारी अभिषेक दुबे द्वारा अपने जन्मदिन के अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित कर जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर बिश्रामगंज एसडीओ तथा देवेंद्र नगर रेंजर शुभम तिवारी विश्रामगंज रेंजर नितिन राजोरिया एवं उत्तर वन मंडल के वन कर्मचारी मौजूद रहे। जिन्होंने पन्ना रेंजर अभिषेक दुबे के जन्मदिन के उपलक्ष में वृक्षों का रोपण किया। इसके उपरांत केक काटकर जन्मदिन की खुशियां मनाई गई। रेंजर अभिषेक दुबे ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम दो वृक्ष जरुर लगाने चाहिए जो की पर्यावरण को संतुलित बनाने में महत्वपूर्ण होता है।

### बस पेड़ से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से घायल हुए 5 लोग

**पन्ना।** जिला पन्ना के थाना कोतवाली के अंतर्गत लक्ष्मीपुर गाँव के पास देवेन्द्र नगर रोड पर एक बस अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 05 लोग घायल हो गए थे।

## रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में गिद्धों के संरक्षण के लिए कार्य हुआ प्रारंभ

# वन विहार से टाइगर रिजर्व में लाए जाएंगे देशी गिद्ध के तीन जोड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखड़ा

जिला सहित तीन जिलों की सीमा में फैले वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में बाघों के साथ दूसरे जीव जंतुओं के संरक्षण का कार्य चल रहा है। अब यहां भारतीय गिद्धों के संरक्षण के लिए विशेष योजना पर काम शुरू किया जा रहा है। भोपाल के वन विहार पार्क में कैप्टिव ब्रीडिंग के जरिए गिद्धों की संख्या बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। दरअसल इंडियन वल्चर एक तरह से विलुप्ति की कगार पर है। पिछले दिनों दो चरणों में हुई गिद्ध गणना के परिणामों से उत्साहित वन विभाग कैप्टिव ब्रीडिंग के जरिए गिद्धों के संरक्षण के विशेष कार्य योजना पर काम कर रहा है। इस योजना के तहत वन विहार से तीन जोड़े अव्यस्क गिद्धों को रिजर्व के गिद्ध कोंच स्थान पर रखा जाएगा। गिद्ध कोंच रिजर्व में गिद्धों का प्राकृतिक आवास है। जहां कुछ



समय रहने के बाद गिद्धों को प्राकृतिक वातावरण में छोड़ दिया जाएगा।बता दें कि गिद्धों की शीतकालीन गणना 16, 17 और 18 फरवरी को की गई थी। वहीं ग्रीष्मकालीन गणना 29, 30 अप्रैल और 1 मई को कई गई थी। जिसका उद्देश्य यही था कि जो मप्र में हिमालयन गिद्ध आते हैं, इनके चले जाने के बाद गणना की जाए, ताकि पता चल सके कि यहां रहने वाले गिद्ध कितने हैं। उसी उद्देश्य से गिद्धों की गणना पिछली सालों की तुलना में गिद्धों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। अधिकारियों ने बताया कि वन विहार नेशनल पार्क में केप्टिव ब्रीडिंग से जन्मे गिद्धों के तीन अव्यस्क जोड़े टाइगर रिजर्व में छोड़े जाएंगे। रिजर्व का चयन इसलिए किया गया है कि यहां पर गिद्धों के कई प्राकृतिक आवास हैं। जब पिछली बार गिद्धों की गणना हुई थी तो अभ्यारण्य तीसरे स्थान पर था। इस साल हुई शीतकालीन गणना में 1554 गिद्ध पाए गए थे, वहीं ग्रीष्मकालीन गणना में 1252 गिद्ध पाए गए हैं। यानि करीब 300 प्रवासी गिद्ध नौरादेही टाइगर रिजर्व में आए थे, इसलिए रिजर्व को चुना गया है।

#### रेडियो टैग से करेंगे निगरानी

वहीं रिजर्व में वन विहार भोपाल से लाए जा रहे हैं, तीन जोड़ा गिद्धों की विशेष नजर रखी जाएगी। रिजर्व की पक्षी शाला में इनको रखा जाएगा। इन गिद्धों के फीड देकर खाना सिखाया जाएगा, जब यह खुद से खाना सीख जाएगा तो इनको खुलें वातावरण में छोड़ - दिया जाएगा। उनके पंख में या पैरों में रेडियो टैग लगा होगा। जिसकी वजह से इनकी हर हरकत की जानकारी वन विभाग को मिलती रहेगी। जैसे कि यह किन किन राज्यों में या फिर विदेश तक जाते हैं। किस मौसम में कहा अधिक रहना पसंद करते हैं। क्या खाते पीते हैं। इनका व्यवहार कैसा है। इन्हें वातावरण कहां का पसंद आता है, ताकि देशी प्रजाति के गिद्धों के संरक्षण में और अधिक मदद मिल सकें।

#### बेहद उपयोगी प्रोजेक्ट है

रिजर्व के डिप्टी डॉयरेक्टर डॉ. एए अंसारी बताते हैं कि विलुप्तप्राय प्रजाति के गिद्ध बुंदेलखंड को काफी रास आ रहे हैं। इसलिए इस जगह को चयनित किया गया है। केन बेतवा लिंक परियोजना बनने की वजह से पन्ना के जो गिद्ध हैं, वह भी इस तरफ आएंगे। इसलिए पहले से ही उनके संरक्षण को लेकर काम किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट पर काम लगभग पूरा हो गया है। सभी तैयारी कर ली गई है। अब केवल गिद्ध के जोड़े आने की देरी है।

## सिद्ध केवलारी धाम मंदिर की भूमि पर भूमाफिया कर रहे अवैध कब्जा



### दादा दरबार समिति ने कलेक्टर एसपी महोदय को सोपा ज्ञापन हिंदू संगठनों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले के प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर से अभाना मार्ग पर 2 किलोमीटर की दूरी पर दर्शनीय धार्मिक स्थल दादा दरवार केवलारी में मणिटोरिया है जहां दादा ठाठनपाल जी का प्रसिद्ध मंदिर है और उनके शिष्य दादा सीतारामानंद जी की समाधि है यहां अनेक वर्षों से सीताराम संकीर्तन चल रहा है दादा दरबार से जुड़े लोग यहां भजन कीर्तन सामाजिक कार्य वृक्षारोपण आदि भंडारे जैसे अनेक धार्मिक आयोजन वर्षों से यहां निरंतर यहां करते आ रहे हैं वरभान ,गावरीघाट ,आदि नर्मदा क्षेत्र से लोग से शिवभक्त मां नर्मदा का जल कावड़ में लेकर पैदल यात्रा करते हुए बांदकपुर आते हैं तो केवलारी दादा दरवार मंदिर में विश्राम भी करते हैं। बांदकपुर धाम देश के अनेक साधु संत भोलेनाथ के दर्शन हेतु आते हैं तो केवलारी दादा दरबार भी पहुंचते हैं लेकिन विगत अनेक वर्षों से ग्राम केवलारी के कुछ आसामाजिक तत्वों के द्वारा लगातार दरबार से जुड़े भक्तों को शराब पीकर गाली गलौज की जाती है। परेशान किया जाता है एवं दरबार की भूमि पर जबरन अवैध कब्जा किया जा रहा है विगत दिनों दरबार के सामने लगी शासकीय भूमि की प्रशासनिक अधिकारियों से मिली भगत कर फर्जी रजिस्ट्री करा ली गई थी और वर्तमान में दादा दरबार की निजी भूमि को हड़पने का प्रयास किया जा रहा है । विगत दिनों नायब तहसीलदार हिंडोरिया आर आई ने प्रशासनिक अमले के साथ केवलारी पहुंचकर भू माफियाओं को मंदिर की निजी भूमि देने की बात भी कही गई। इन्हीं सब विषयों को लेकर मंगलवार को जनसुनवाई में दादा दरबार समिति जिले के धार्मिक सामाजिक हिंदू संगठनों ने शिवभक्तो ने मिलकर कलेक्टर महोदय और जिला पुलिस अधीक्षक महोदय के नाम लिखित ज्ञापन सौंपा है और ऐसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। उचित कार्रवाई होने पर आगामी समय में बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी विधि है। इस अवसर पर दादा दरबार समिति से जुड़े भक्त ,आनंद सोनी,झाम सिंह लोधी , मलखान सिंह ,मुन्ना यादव,दसरथ पटेल,भोले शंकर चौबे, छूटन यादव,शनि यादव,राम मनोहर गौतम,राजेंद्र यादव, जागेश्वर नाथ शिवभक्त मंडल , छात्र क्रांति दल,से कृष्णा पटेल, शंकर गौतम, हिंदू जागरण मंच से नित्य प्यासी बजरंग दल हिंडोरिया प्रखंड संयोजक महेंद्र तिवारी, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल नगर संयोजक सत्यम चौरसिया ,दीपक नेमा ,की उपस्थिति रही।

## योग आयोग की मासिक बैठक



**हटा।** मध्य प्रदेश योग आयोग के निर्देश अनुसार प्रत्येक महीने की निर्धारित तिथि पर मासिक बैठक का आयोजन किया जाता है इसी श्रृंखला में मंगलवार को बैठक का आयोजन किया गया जिसमें महत्वपूर्ण बिंदु रखे गए । योग का प्रशिक्षण हटा में आयोजित किया जाना है जिसमें पतंजलि योग समिति की ओर से सक्रिय कार्यकर्ताओं को समिति में सम्मिलित किया जाएगा एवं निष्क्रिय कार्य कर्ताओं को समिति से निष्कासित किया जाएगा। इस अवसर पर योग आयोग समिति के ब्लॉक अध्यक्ष रामकिशोर दुबे उपाध्यक्ष,सुनील सेन कोषाध्यक्ष पुष्पेंद्र पांडे, एवं कार्यक्रम प्रभारी एवं भारत स्वाभिमान अध्यक्ष के अध्यक्ष रघुवीर खटीक,पतंजलि योग समिति के अध्यक्ष सुरेश सोनी,बालाराम अहिरवार,ब्लॉक हटा कमचारियों अध्यक्ष एवं अन्य उपाध्यक्ष एवं समितियां के सदस्यों की उपस्थिति रही।

## 412 गर्भवती महिलाओं को दी गई स्वास्थ्य सेवायें

**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजनी जेम्स बेक ने बताया प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं के लिए स्वास्थ्य संस्थाओं में विशेष स्वास्थ्य जांच-क्लीनिक लगाया गया। आज लगाये गये विशेष स्वास्थ जांच क्लीनिक में नगर के प्रसिद्ध पॉलीवाल नर्सिंग होम द्वारा भी प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत स्वेच्छा से सहभागिता की गई। नर्सिंग होम में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मोनिका पॉलीवाल द्वारा तेन्दूखेड़ा ब्लॉक से पहुंची 15 गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा प्रदाय की गई। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी ने बताया कि जिला चिकित्सालय सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्त्री रोग विशेषज्ञ पी.जी.एम.ओ., एल.एम.ओ./दक्षता स्किल लैब प्रशिक्षित एम.ओ. द्वारा 412 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच-परीक्षण एवं समुचित उपचार सेवा दी गई। चिन्हित हाई रिस्क गर्भवती महिला की फॉलोअप जांच भी की गई। क्लीनिक दौरान 14 मॉडरेट एनिमिक महिलाओं को आयरन सुक्रोज भी लगाया गया। संस्था में विशेष स्वास्थ्य जांच-क्लीनिक दौरान गर्भवती महिलाओं की जांच हेतु पृथक से ओ.पी.डी. काउंटर, पंजीयन काउंटर, वाईटल्स लेने हेतु बनाये गये काउंटर के नजदीक ही ब्लड सैम्पल लैब टैक्नीशियन द्वारा लिया जाकर 10 अनिवार्य जांचें की गई। गर्भवती महिला की पूर्व मेडिकल हिस्ट्री, वाईटल्स के आधार पर स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

## दसवीं पास विद्यार्थियों के लिए पॉलीटेक्निक कॉलेज में प्रवेश

**दमोह।** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय दमोह में सिविल इंजीनियर मैकेनिकल इंजीनियर इलेक्ट्रीकल इंजीनियर, ई.टी. इंजीनियर. कम्प्यूटर सांइस इंजीनियर ब्रांचों में प्रवेश लेने की प्रक्रिया प्रारंभ है। दसवीं पास विद्यार्थी प्रवेश हेतु **dte.mponline.gov.in** पर जाकर प्रथम चरण में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 17 जुलाई 2024 की रात्रि 11:45 बजे तक कर सकते है। च्वाइस फिलिंग (**Choice filling**) 21 जुलाई 2024 को रात्रि 11:45 बजे तक करने के उपरांत शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय दमोह में उपस्थित होकर 27 जुलाई से 05 अगस्त 2024 शाम 05 बजे तक दस्तावेज सत्यापन कराकर प्रवेश प्राप्त किया जा सकता है। द्वितीय चरण में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 28 जुलाई से 07 अगस्त 2024 रात्रि 11:45 बजे तक किया जा सकता है, च्वाइस फिलिंग (**Choice filling**) 30 जुलाई से 11 अगस्त 2024 रात्रि 11:45 बजे तक करने के उपरांत शासकीय पॉलीटेक्निक महाविधालय दमोह में उपस्थित होकर 17 अगस्त से 22 अगस्त 2024 शाम 05 बजे तक दस्तावेज सत्यापन कराकर प्रवेश प्राप्त किया जा सकता है।

## युवा सर्वेयर का पंजीयन हेतु आज अंतिम दिन

**दमोह ।** राज्य शासन द्वारा डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण 2024-25 के नए निर्देश जारी हुये, जिसके अनुसार संबंधित पटवारी द्वारा आवंटित ग्राम हेतु एक या एक से अधिक स्थानीय युवा सर्वेयर का पंजीयन आज 10 जुलाई तक भू-लेख पोर्टल पर किया जायेगा, तत्पश्चात उन्हे पटवारी द्वारा 25 जुलाई तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। किसान एवं सर्वेयर 01 अगस्त से 15 सितम्बर तक गिरदावरी कार्य पूर्ण करेगे। सुपरवाईजर (पटवारी) द्वारा क्रॉप सत्यापन का कार्य 20 सितम्बर से 25 सितम्बर 2024 तक पूर्ण करेंगे। एमपी किसान ऐप प्ले स्टोर से डाउनलोड करने के उपरांत मोबाईल ओटीपी के माध्यम से लॉगिन किया जा सकता है। एमपी किसान ऐप के माध्यम से फसल स्व-घोषणा की जानकारी जियो फेंस तकनीक के माध्यम से फसल का फोटो खीचकर दर्ज की जा सकेगी एवं पूर्व से दर्ज फसल के विरुद्ध दावा/आपत्ति की जानकारी भी एमपी किसान ऐप के माध्यम से दर्ज की जा सकेगी। स्थानीय युवा (सर्वेयर) पंजीयन एवं प्रशिक्षण स्थानीय युवा (सर्वेयर) पंजीयन एवं प्रशिक्षण संबंधित पटवारी द्वारा आवंटित ग्राम हेतु एक या एक से अधिक स्थानीय युवा (आयु 18 वर्ष से 40 वर्ष) का पंजीयन **MPBHULEKH** पोर्टल पर डिजिटल क्रॉप सर्वे कार्य हेतु कराया जाएगा जो 8 वीं कक्षा उत्तीर्ण हो एवं उसके पास मोबाईल फोन (**Android** वर्जन 6+) मय इंटरनेट सुविधा उपलब्ध हो। इस कार्य हेतु संबंधित ग्राम के स्थानीय युवा, ग्राम में उपर्युक्त स्थानीय युवा न होने पर ग्राम पंचायत में निवासरत स्थानीय युवा, ग्राम पंचायत में उपर्युक्त स्थानीय युवा न होने पर निकटतम ग्राम पंचायत में निवासरत स्थानीय युवा का पंजीयन कराया जाएगा। स्थानीय युवा के चयन हेतु महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। स्थानीय युवा को प्रशिक्षण देने का कार्य राजस्व निरीक्षक वृत्त स्तर पर संबंधित राजस्व निरीक्षक एवं तहसील स्तर मास्टर ट्रेनर द्वारा किया जायेगा। संबंधित पटवारी द्वारा भी सर्वेयर को गिरदावरी के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान कर डिजिटल कॉप सर्वे कार्य पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित किया जाएगा।


## एसडीएम कार्यालय में हुई जनसुनवाई

**हटा।**अनुविभागीय अधिकारी राजस्वन कार्यालय सभा कक्ष में मंगलवार के दिन जन सुनवाई की गई। जन सुनवाई में आये हुए लोगो की समस्याओं की सुनवाई करते हुए बीपीएल कार्डधारक अभिलेख दुरूस्ती एवं अन्य शिकायतों पर एसडीएम राकेश मरकाम द्वारा संबंधित कार्यालय प्रमुखों को आवश्यक कार्यवाही करते हुए समस्याा के निवारण हेतु निर्देशित किया गया।

### जिले में अभी तक 202.9 मि.मी. वर्षा दर्ज

**दमोह।** जिले में इस वर्ष 1 जून से अभी तक 202.9 मि.मी. अर्थात 7.9 इंच औसत वर्षा दर्ज हुई है, जो अभी तक गत वर्ष से 15.6 मि.मी. अर्थात 0.7 इंच कम है। इसी अवधि में गत वर्ष 218.5 मि.मी. अर्थात 8.6 इंच औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस वर्ष अभी तक जिले में सबसे ज्यादा वर्षा पथरिया में 316 मि.मी. दर्ज की गई है। दैनिक वर्षा के तहत जिले में 7.4 मि.मी. अर्थात 0.2 इंच वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटों के दौरान वर्षामापी केन्द्र तेंदूखेड़ा में 52.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जिले की औसत वार्षिक औसत वर्षा 1246.6 मि.मी. है।

## जनसुनवाई में 219 आवेदन आये



**दमोह।** प्रभारी कलेक्टर अर्पित वर्मा ने कलेक्टर कार्यालय के कमरा नम्बर 10 में शहर एवं दूरस्थ अंचलों से आये आमजन के आवेदनों को जनसुनवाई में सुना। साथ ही उन्होंने तत्काल कार्यवाही के लिए सम्बन्धितों को दूरभाष पर त्वरित निराकरण के निर्देश भी दिए। जनसुनवाई में 219 आवेदन आवेदन आये। प्रभारी कलेक्टर श्री वर्मा ने 01 दिव्यांग हितग्राही को व्हीलचेयर का वितरण भी किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर मीना मसराम ने सहभागिता निभाई।

## एसडीएम ने बालक शाला स्कूल में किया पौधरोपण



**तेन्दूखेड़ा।** केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए चलाई जा रही महती योजना एक पेड़ मां के नाम अभियान के अवसर पर मंगलवार को तेन्दूखेड़ा नगर के वार्ड क्रमांक 10 में पावर हाउस के पास स्थित शासकीय बालक माध्यमिक शाला स्कूल परिसर में तेंदूखेड़ा एसडीएम अभिनाश रावत द्वारा पौधारोपण किया गया। जहां एसडीएम द्वारा स्कूल परिसर में शिक्षक द्वारा कर्नाटक से लाए गए सुपारी एवं बादाम के पौधों का रोपण किया गया और स्कूल बच्चों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई साथ ही स्कूली बच्चों को एक पेड़ अपनी मां के नाम लगाने के लिए प्रेरित किया एसडीएम अभिनाश रावत ने पौधारोपण करते हुए बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि एक पेड़ मां के नाम के आह्वान से बच्चों का पर्यावरण से जुड़ाव बढेगा सभी लोगों को एक पेड़ अपनी मां के नाम लगाना चाहिए और इसकी देखभाल और रखरखाव की जिम्मेदारी भी एक परिवार के सदस्य की तरह करनी चाहिए स्कूल प्राचार्य तेजी सींग ठाकुर ने भी बच्चों को स्कूल परिसर में एक पेड़ लगाने के लिए जागरूक किया और कहा अपनी पढ़ाई के साथ ही इस पेड़ की देखभाल व सुरक्षा का अहम है। इस दौरान रविशंकर त्रिपाठी आरआई, करन सींग ठाकुर, गुलशन बाबू, बीएसी परम अहिरवार, प्रधानाध्यापक तेजी सींग ठाकुर, शिक्षक राकेश तिवारी, भारत साहू, बलराम यादव, शैलेन्द्र यादव, देवीशंकर यादव सहित स्कूली बच्चे कार्यक्रम में मौजूद थे।

## खड़ेरी ग्राम पंचायत में 600 पौधे रोपे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले सहित देशभर में एक पेड़ मां के नाम अभियान चल रहा है। इसी के तहत अधिकारियों, कर्मचारियों, सामाजिक एवं अन्य ने जगह-जगह पौधरोपण किया। आज प्रभारी कलेक्टर अर्पित वर्मा बटियागढ़ के ग्राम खड़ेरी पहुंचे। यहां पर मियबाकि बाल्मीकि सघन पौधा रोपण उद्यान खडेरी में दस हजार पौधे रोपे जाने हैं। इसका आज प्रभारी कलेक्टर अर्पित वर्मा और जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल के द्वारा 600 पौधे रोपण कर उद्घाटन किया गया। प्रभारी कलेक्टर श्री वर्मा ने लोगों से पौधों के संरक्षण का आह्वान किया। प्रभारी कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी है। उन्होंने रोपण के बाद पौधों की देखभाल करने का आह्वान किया। जिला पंचायत



अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल ने कहा कि सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, साथ ही पर्यावरण सुधार पर कार्य कर रही है। एक पेड़ मां के नाम की थीम पर पौधा जरूर लगाएं और उसे सुरक्षित रखें। इस दौरान बटियागढ़ सीईओ अश्विनी कुमार सिंह, सहायक यंत्री श्री चौधरी, ग्राम पंचायत इंजीनियर समीर खान, रचना चौरसिया, जितेन्द्र पटेल, सकतपुर सरपंच, खड़ेरी सरपंच गोविंद पटेल, बम्होरी भाट सरपंच, बटियागढ़ जनपद अंतर्गत विभिन्न पंचायतों पंचायतों के सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक सहित खड़ेरी हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं सहित शिक्षक की उपस्थिति रही।

## अंधे मोड़ पर घनी झाड़ियों से दुर्घटना की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

बनवार बांदकपुर सड़क मार्ग पर कटीली झाड़ियां का मकड़जाल आने जाने वालों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई हैं। वाहन से चलने वालों को परेशानी होती ही है, पैदल राहगीरों को भी दिक्कत का सामना करना बारिश के मौसम के पूर्व सड़क किनारे उगी झाड़ियों की कटाई नही होने से मुख्य सड़क मार्गों के दोनो तरफ कटीली झाड़ियां का मकड़जाल तरह फैला हुआ की सड़क का आधा हिस्सा ढक गया है। और सड़क के अंधे मोड़ भी नही दिखते है। बनवार बांदकपुर मार्ग पर सड़क किनारे कटीले कांटो वाली झाड़ियां उग आने से वाहन चालकों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि झाड़ियों के कारण वाहन



चालकों को सड़क मार्ग पर अंधे मोड़ की वजह से सामने से आ रहा वाहन दिखाई नही देता है यह हाल टिकरी पिपरिया एवं बड़े घाट सेतु के आसपास कई घुमावदार मोड़ है जहां पर कटीले कांटो वाली झाड़ियां धीरे-धीरे सड़क को ढकती चली जा रही हैं और अधिकांश जगह पेड़ो की डालियां बीच सड़क झूलने लगी है,जो वाहनों के लिए कभी भी दुर्घटना घटित होने का कारण बन सकती है ।लेकिन प्रशासन अभी भी बेपरवाह बना हुआ है। सड़क के किनारे पूरी तरह से झाड़ियों से ढक चुके है,जिसके चलते इस मार्ग से आने जाने वाले वाहन चालकों को खासकर रात के समय में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बड़े घाट के सेतु के समीप तो मोड़ पर कटीली झाड़ियां उगने से सामने से आ रहा वाहन भी नहीं दिखता है,जिसके कारण कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों कई बार संबंधित विभाग को शिकायत भी कर चुके है,लेकिन फिर भी विभागीय अधिकारियों द्वारा कोई भी कार्यवाही अभी तक जहन में नही लाई गई। विभाग किसी अप्रिय घटना के इंतजार में है। इसी प्रकार बनवार नोहटा सड़क मार्ग पर परस्वाहा तिगड्डा के समीप भी मोड़ पर दोनो तरफ झाड़ियां उग जाने एवं पेड़ो की डालियां भी सड़क किनारे आने से वाहन चालकों को आमने सामने आ रहे वाहन आपस में दिख नहीं पाते,इससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। वाहन चालकों ने बताया कि सड़क किनारे मोड़ो पर झाड़ियां उगने से न तो मोड़ का पता चल पता है और न ही सामने से आ रहा वाहन दिखता है,जिससे परेशानी उठानी पड़ती है और दुर्घटना का अंदेशा भी बना रहता है।

## यही गड्ढे बनते लोगों की जान को खतरा, हादसे के बाद चेतता है प्रशासन

# सड़क पर जानलेवा गड्ढा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर

सिंग्रामपुर पोंडी रोड प र कंजई ग्राम की सड़क पर एक जानलेवा गड्ढा हो गया है। इससे यहाँ पर हादसे होने का खतरा बढ़ गया है। उप सरपंच राहुल राय प्रशांत राय मूलचंद राय चतुर सिंह सरपंच रवि राय प्रहलाद राय ने बताया प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क के अधिकारियों से शिकायत कर रहे हैं, लेकिन अधिकारी गड्ढे को भरवाने की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं वर्षों पहले बनाई गई प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क का कोई मेंटेनेंस नहीं होने की वजह से सड़क किनारे भरी भरकम गड्ढा खुला पड़ा हा । सड़क धँसक गई और यहाँ पर दो फीट चौड़ा और दो फीट लंबा गड्ढा हो गया। इसके बाद से यहाँ पर हादसे होने का खतरा बढ़ गया। कई बार वाहन चालक गड्ढे से बचने के लिए वाहन को अचानक मोड़ते हैं, इससे वाहन चालक सामने से आ रहे वाहन से टकराते-



टकराते बचते हैं। गड्ढा इतना बड़ा हो गया है कि दो पहिया बाहन गड्ढे में पूरी समा जायेगी तो चार-पहिया वाहन के टायर भी फँस सकते हैं। यह स्थिति पिछले कई महीने से बनी हुई है। जिम्मेदार अधिकारियों अभी तक गड्ढे को भरा नहीं गया है। क्षेत्रीय नागरिकों ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क के अधिकारियों से गड्ढे की भरवाने की मांग की है।

## सड़के खराब, किसान हो रहे परेशान



**बनवार।** जंप जबेरा के ग्राम भाट खमरिया की मुख्य सड़क हरिजन मोहल्ला खेतो तक जाने वाला डेढ़ किमी के कच्चे मार्गों से किसान और आमजन बेहद परेशान हैं। आलम यह है कि भाट खमरिया के किसानों को खेतों तक इसी मार्ग से जाना पड़ता हे। लेकिन वर्षा में बड़े-बड़े गड्ढे कीचड़ टूटी पुलिया की वजह से दलदल मैं तब्दील रास्ता बंद होने के कारण किसानों को खेतों तक ट्रैक्टर वाहन ले जाने में परेशानी होती है और हल कठावा ट्रैक्टर नही निकल पाते। वही हरिजन मोहल्ला में रहने वाले लोगों के लिए दलदल नुमा रास्ता काफी मुश्किल भरा होता है जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि जबरा डॉक्टर सुजान सिंह ने बताया कि वर्षों से आसपास के ग्रामों के बीच की सड़कें पक्की नही हो पाई न कोई ग्रेवल मुख्यमंत्री सड़क जिसके कारण किसानों को दिन रात कच्चे मार्गों में दलदल भरे रास्तों से खेत आना जाना पड़ता है। कच्चे होने से आपस मे ग्रामों के संपर्क टूट जाते हैं जिसके कारण किसानों को भारी परेशानी उठाकर आवाजाही करनी पड़ती है जिससे किसानों आमजनो में आक्रोश है। बता दें मुख्य सड़क से खमरिया हरिजन मौहल्ला खेती हर भूमि तक जाने के लिए सड़क नही बनी जबकि वर्षों से ग्रामीण मांग कर रहे हैं बारिश में रास्ता काफी ऊबड़खाबड़ हो जाता है जिसके कारण बारिश में इस रास्ता पर कृषि कार्य के ट्रैक्टर वाहन नही पहुंच पाते। और किसान भी बमुश्किल से आते जाते है रास्ते की चार जगह से पुलिया टूटी पड़ी है और इसी रास्ते से पूरे गांव के मवेशी आते जाते है और टूटी पुलिया में फंसकर असमय काल के गाल में समा जाते है ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से सड़क निर्माण की मांग की है।

# खेती की जमीन पर धड़ल्ले से हो रही प्लाटिंग



**तेंदूखेड़ा।** नगर मै खेती का डायवर्सन कराकर जमीन पर प्लाट काटकर कई वर्षों से बेची जा रहे हैं इसके बाद प्लांट लेकर लोग मकान तो बना लेते हैं लेकिन कॉलोनी में मिलने वाली सुविधाओं से भी वंचित रह जाते हैं और दोस्त नगर परिषद पर मडते है जिसके कारण बगैर बुनियादी सुविधाओं के मकान बनाने वाले लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। ऐसे महानुभवो ने प्लाट तो काटे पर लोगों को सुविधा मुहैया नहीं कराई और अब खुद पल्ला झाड़कर नगर परिषद को बुनियादी सुविधाएं के लिए दोषी मान रहे है, जबकि नियमानुसार कॉलोनाइजर को प्लाट बेचने के पहले बुनियादी सुविधाओं में सड़क, नाली,पानी व बिजली की समुचित व्यवस्था करने का दायित्व होता है। यदि यह व्यवस्था कॉंनोलाइजर पूरी नहीं करता है तो यह अवैध कॉलोनी मानी जाती है, जिसके संचालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का प्रावधान भी है। उसके बावजूद नगर में कई कॉलोनाइजरों द्वारा बिना सुविधा के प्लाट बेचे जा रहे हैं और इसका खामियाजा प्लाट लेने वालों को भुगतना पड़ रहे हैं।

### 50-50 लाख की बनी नालियां

नगर में नगर परिषद द्वारा लाखों रुपए से लेकर 50-50 लाख की नालियां पानी निकासी के लिए बनाई गई हैं लेकिन पानी इन नालियों में से होकर नहीं जा रहा। निजी जमीनों से होकर जा रहा है। जब इन निजी जमीनों पर प्लाट खरीदकर प्लाट मालिक मकान बनाने के लिए व्यवस्था करता है, तो गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाती है। वार्ड क्रमांक 9 के कॉलोनी निवासियों ने बताया कि जब उन्हें प्लाट खरीदे तो बताया गया कि गया एवँ रजिस्ट्री मै 25 फुट की रोड दर्शाई गई लेकिन इस रोड से 4 फुट का कब्जा नगर परिषद ने भटरिया मार्ग का पानी निकालने के लिए इस कॉलोनी से 4 फुट की नाली एक और निकाल दी इसी कॉलोनी में रहने वाले निवासियों ने नगर परिषद से जब सड़क पर दलदल होने की बात नगर परिषद से की तो नगर परिषद ने कह दिया कि यह कॉलोनी अवैध है तो रहवासीयों का कहना है कि जब अवैध कॉलोनी है तो नगर परिषद ने नाली ही क्यों बनाई। वार्ड क्रमांक 9 के लगभग 50 से अधिक लोगों ने नगर परिषद से सुविधा देने की बात की तो नगर परिषद में हाथ खड़े कर कर कह दिया अवैध कॉलोनी है अब ऐसी स्थिति में बरसात में उनके घरों के सामने गंदे पानी की महक, सड़क पर कीचड़ से उनका जीना दूभर हो गया। इसलिए वे पानी की निकासी की व्यवस्था के लिए भी परेशान हैं लेकिन सबसे बड़ी हैरानी की बात यह है कि नगर में जो प्लाट बिक रहे हैं। उनके सामने न नाली है, न बिजली हैं, न सड़क है। ना पानी है उसके बावजूद खरीदार भी जल्दबाजी में प्लाट तो ले लेते हैं, लेकिन बाद में उनके लिए काफी बड़ी समस्या उत्पन्न हो जाती है।

### कई जगह अवैध प्लाटिंग

अवैध प्लाटिंग में जमीन लेकर घर बनाने वालों से बात की। तो लोगों ने बताया कि पिछले 5 -- 6 साल में छोटे-छोटे टुकड़ों में जमीन बिक रही है। उन्होंने घर बना लिए है, लेकिन यहां ना तो सड़क है और ना ही नाली बनी। ना पानी है लोगों को उम्मीद है कि जब बसाहट हो जाएगी तो आखिर में सुविधाएं तो मिल ही जाएगी । नगर में ऐसी अनेक जगहों का पता चला है। जहां अवैध प्लाटिंग की जा रही है। जहां सड़क, बिजली, पानी की सुविधा नहीं है फिर भी लोग मकान बना रहे हैं। पूर्व में ऐसा ही वार्ड क्रमांक 11 की शिक्षक कॉलोनी में भी देखने मिला है। जहां पर काफी बरसो बाद लोगों को सड़क, नाली, बिजली की सुविधा नगर परिषद से मिल सकी है। नगर में लोग प्लाटिंग तो करते हैं, अच्छा खासा पैसा कमाते हैं लेकिन व्यवस्था नहीं देते और इस और नगर परिषद द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती है।

## दुकान निर्माण हुए तीन साल से अधिक हुये लेकिन आज तक नही हुई नीलामी



**जबेरा।** शासन व्यापारियों एवम ग्रामीणों की सुविधा के लाखों रुपये खर्च करके व्यावसायिक दुकानों का निर्माण करवाता है किंतु दुर्भगय है कि शासन के मोटी मोटी तनख्वाह लेने वाले अधिकारियों की लापरवाही एवम उदासीनता के चलते इन शासकीय दुकानों का न तो व्यापारियों को न ही ग्रामीणों को कोई लाभः नही मिल रहा है जबेरा बस स्टैंड पर 22 एवम जबेरा नया बाजार के समीप प्राइमरी स्कूल के सामने 6 दुकानो का जबेरा जनपद द्वारा आज से तीन साल से अधिक वर्ष पूर्व लाखो रुपये शासन के ख़र्च करके निर्माण कराया गया था किंतु आज तक उन दुकानी की नीलामी या व्यापारियों को किराए पर न देने के कारण वह जर्जर हो रही है एवम शासन को भी लाखों रुपये का नुकसान हो रहा है जबकि ग्रामीणों द्वारा बार बार विभिन्न माध्यमो से अधिकारियों से इनकी नीलामी या किराए पर देने की मांग की जा रही है पर अधिकारी अपनी लापरवाही एवम उदासीनता के चलते कोई ध्यान नही दे रहे है।

## एसडीएम कार्यालय में मिला जहरीला सर्प, सर्प विशेषज्ञ को बुलाकर सुरक्षित छोड़ा गया जंगल में



**तेन्दूखेड़ा।** एसडीएम कार्यालय तेंदूखेड़ा में कार्यालय के कक्ष में एक जहरीला सर्प कर्मचारियों ने देखा इसके बाद वहां अफरा तफरी के हालात बन गए। कर्मचारियों द्वारा तत्काल ही सर्प विशेषज्ञ को इसकी सूचना दी गई जिसके बाद मौके पर पहुंचे सर्प विशेषज्ञ ने जहरीले सर्प को पड़कर उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ा। बताया जा रहा है कि पकड़ा गया सर्प एक जहरीली प्रजाति की नागिन थी जानकारी अनुसार मंगलवार की सुबह 11 बजे कर्मचारी ने एसडीएम कार्यालय का गेट खुला तो उसकी नजर दीवार से सटकर बैठी एक नागिन पर पड़ी तो वहां पर मौजूद अन्य कर्मचारी भी दहशत में आ गए और सभी अधिकारी कर्मचारी एसडीएम का चेंबर छोड़कर बाहर निकल आए। उन्होंने तत्काल सर्प को पकड़ने वाले अरविंद सेन को बुलाया गया और नागिन पर तब तक नजर बनाए रखे रहें जब तक नागिन को पकड़ने के लिए अरविंद सेन मौके पर नहीं पहुंच गए जैसे ही सांपों को पकड़ने वाले अरविंद सेन मौके पर पहुंचे और नागिन को पकड़ने का प्रयास शुरू किया। जहा संर्प पकड़ने वाले विशेषज्ञ अरविंद सेन को देखकर नागिन फन फैलाकर फुफकारने लगी जिसके बाद संर्प विशेषज्ञ अरविंद सेन ने नागिन को पकड़कर बम्हौरी के जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया जहां एसडीएम कार्यालय के कर्मचारियों ने राहत की सांस ली। उल्लेखनीय है कि दमोह मार्ग पर स्थित तहसील कार्यालय में एसडीएम तहसीलदार सहित अन्य सभी राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी इस समय ड्यूटी पर थे मिली जानकारी के मुताबिक नागिन काफी जहरीली थी अगर यह नागिन किसी को डस लेती तो उसकी मौके पर जान भी जा सकती थी।

### शांति समिति की बैठक आज

**दमोह ।** आगामी मोहरर्म पर कानून व्यवस्था के संबंध में शांति समिति की बैठक आज 10 जुलाई को कार्यालय कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में शाम 05 बजे से आयोजित की गई है। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से उक्त बैठक में उपस्थित होने के लिये कहा है।

## कार्यशाला में 40 शाखायें हुई शामिल, बड़े बाबा जैन मिलन पटेरा के तत्वाधान में हुआ आयोजन

# जैन मिलन की प्रथम कार्यकारिणी की बैठक संपन्न






हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जैन मिलन क्षेत्र क्र.10 की प्रथम कार्यकारिणी की बैठक राष्ट्रीय मंत्री अतिवीर एड. कमलेंद्र जैन के मुख्यअतिथित्व एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष अतिवीर अरुण चंदेरिया जी की अध्यक्षता में बड़े बाबा जैन मिलन पटेरा के तत्वावधान में श्री दिगंबर जैन सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर जिला दमोह में संपन्न हुई। कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अतिवीर नेमकुमार सराफ, अति वीर इंजी. आर के जैन, वीर संजय जैन शक्कर, प्रमोद भाईजी, सुधीर जैन डवलू, दिलेश चैधरी, ललित सराफ, एलसी जैन शिक्षक, जिनेश बहरोल, मनीष जैन विधार्थी, वीरांगना अर्चना जैन, ममता जैन , कल्पना सेठ, संगीता चन्देरिया, मंन्जु सतभैया, आदि रहे। कार्यक्रम की शुरुआत महावीर वंदना बंसुधरा नगर एवं टंडन बगीचा की बहनों द्वारा किया गया एवं मंगलाचरण डॉ रवि जैन बांसा तारखेड़ा के साथ पं अनिल जैन शास्त्री कुण्डलपुर द्वारा किया गया। बड़े बाबा जी एवं आचार्य श्री के चित्र का अनावरण जैन समाज पटेरा द्वारा किया गया। मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन किया। मंचासीन अतिथियों एवं सभी उपस्थित शाखों के सम्मान के साथ प्रथम सत्र के प्रारंभ में सर्वप्रथम स्वागत भाषण क्षेत्रीय अध्यक्ष द्वारा प्रस्तुत कर सभी का अभिनंदन किया गया। जैन मिलन की क्षेत्रीय कार्यकारी परिषद की बैठक का महत्व बतलाते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा सत्र के प्रारंभ की यह बैठक पूरे साल भर क्षेत्र की गतिविधियों को तय करती है और ऊर्जा देती है। पटेरा शाखा को शुभकामनाएं दी जिन्होंने यह बैठक आयोजित कराइ। इसके बाद क्षेत्रीय मंत्री श्रीमती कविता जैन ने 3 माह का प्रतिवेदन पढ़कर सुनाया। उन्होंने बताया की क्षेत्र क्रमांक 10 में 32 स्थानों पर स्थापना दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। वहीं 35 स्थानों पर अक्षय तृतिया का कार्यक्रम आयोजित किया गया। 38 स्थानों पर श्रुत पंचमी का आयोजन एवं 31 स्थानो पर योग दिवस में शिविर का आयोजन किया गया ह। इसके अलावा विभिन्न शाखाओं द्वारा पांच हजार से अधिक पौधे रौपण किये जा चुके हैं। तत्पश्चात सभी शाखाओं से प्रतिनिधि के रूप में आए मंत्रीयों ने तीन माह का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। साथ में आगे आयोजित करने वाले कार्यक्रमों पर भी प्रकाश डाला। पटेरा शाखा द्वारा स्थानीय प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया।

द्वितीय सत्र में भारतीय जैन मिलन द्वारा आयोजित कार्यशाला में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों एवं जैन मिलन के उद्देश्य और जैन मिलन क्षेत्र 10 द्वारा आयोजित कार्यक्रम युवा संसद के संबंध में सभी को जानकारी प्रदान की गई। एड कमलेन्द्र जैन ने कि बताया समाज के युवाओं में नेतृत्व करने एवं संगठित हो समाज के लिए आवाज उठाने का हौसला देने के लिए यह आयोजन किया जायेगा। जिसमें क्षेत्र क्रमांक 10 के प्रत्येक मंदिर जी से युवा सांसद का चुनाव किया जायेगा साथ ही राज्य सभा में मनोनयन किया जायेगा यह एक अद्वितीय कार्यक्रम होगा, साथ ही समाज में समरसता के साथ कार्य करने के विषय पर एड. अतिवीर कमलेंद्र जैन ने एवं शाखाओं को एक अच्छा आयोजन कैसे करना चाहिए इस विषय पर,वीर दिलेश जैन चैधरी ने एवं शाखा संचालन में अध्यक्ष मंत्री की भूमिका विषय पर वीरांगना श्रीमती कविता जैन ने अपने वक्तव्य के द्वारा सभी को प्रशिक्षित किया। वर्तमान समय में जैन मिलन की समाज को क्यों आवश्यकता है एवं हम छोटे-छोटे आयोजनों के माध्यम से समाज का सहयोग कैसे कर सकते हैं, इस विषय पर भी वक्ताओं ने अपनी बात रखी। कार्यक्रमों को हमें किस प्रकार से आयोजित करना है, कार्यक्रम का समाज में क्या संदेश जाएगा, यह सारी बातें कार्यशाला के दौरान बताई गई। भारतीय जैन मिलन क्षेत्र क्रमांक 10 द्वारा वार्षिक शुल्क जमा करने वाली सभी शाखाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया। भारतीय जैन मिलन स्थापना दिवस 2 मई पर आयोजित प्रतियोगिता भगवान महावीर स्वामी पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का ड्रा निकाल कर प्रथम, द्वितीय,तृतीय प्रतियोगियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन वीर जिनेश जैन बहरोल एवं वीर नरेंद्र जैन बजाज पटेरा ने किया। आभार क्षेत्रीय अध्यक्ष श्री अरुण चंदेरिया ने माना। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि जुलाई माह में संभाग स्तरीय पोस्टर टप्रतियोगिता एवं अगस्त माह में निबंध लेखन प्रतियोगिता के साथ ही अन्य आयोजन भगवान महावीर स्वामी पच्चीस सौ पचास निर्वाण महोत्सव अंतर्गत किये जायेंगे। अंत में बड़े बाबा मंदिर परिषद में वृक्षारोपण सभी आई हुई शाखों द्वारा किया गया जिसमें 100 नीम के वृक्ष लगाये गये। एवं सभी उपस्थित सदस्यों की स्वीकृति उपरांत क्षेत्रीय अध्यक्ष की अनुमति से समाधिस्थ गणाचार्य परम पूज्य आचार्य विराग सागर जी महाराज को विनयांजलि करते हुए बैठक की समाप्ति की गई। कार्यक्रम व्यवस्था में नरेंद्र बजाज, महेश जैन,राजेन्द्र राही, राजेन्द्र बजाज, अमित जैन, श्रीकांत बड़कुल, अतुल चौधरी, अमित जैन, अनिल जैन शास्त्री, मनोज सेठ, रवि सराफ, जितेन्द्र बडकुल, पंकज जैन, नीलेश सराफ, राजेन्द्र बंटी, गोकुल चंद्र जैन, राकेश जैन, प्रशांत सेठ, निर्मल जैन सहित पूरी शाखा के सदस्यों की अहम भूमिका रही। इस अवसर पर पटेरा जैन समाज की ओर से अध्यक्ष अशोक बडकुल, पं जयकुमार, डॉ सुबोध जैन, पन्नालाल सेठ सहित अनेक वरिष्ठजनों व सरंक्षकों ने पहुंचकर अहम भूमिका निभाई। राष्ट्रीय मंत्री अतिवीर एड. कमलेंद्र जैन आयोजनकर्ता शाखा के लिये सफल कार्यक्रम करने की सराहना करते हुये मंच से सदस्यों को सम्मानित किया।

### पटेरा महिला शाखा शीघ्र गठित होगी

पटेरा में मिलन की महिला शाखा गठित की पूरी तैयारी हो चुकी है। सम्मेलन में पहुंची चार महिला प्रतिनिधियों का कविता जैन एवं नेहा बजाज ने सम्मान किया। इनमें साधना सेठ, रेखा बजाज, निधी सराफ, प्रतिभा जैन प्रमुख रही। अंत में आभार प्रदर्शन क्षेत्रीय अध्यक्ष अरूण चंदेरिया ने किया।

## आचार्य श्री समयसागर जी ससंघ का मड़ियादो आगमन

**कुंडलपुर।** विद्या शिरोमणि परम पूज्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज का सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुंडलपुर में लगभग तीन माह का प्रवास रहा ।इस बीच आचार्य पदारोहण अनुष्ठान कार्यक्रम संपन्न हुआ। सहस्त्रकूट जिनालय



वेदी प्रतिष्ठा होकर प्रतिमा विराजमान हुई ।पूज्य बड़े बाबा मंदिर का कलशारोहण, सहस्त्रकूट जिनालय का कलशारोहण , छहघरिया स्थित भगवान मुनिसुब्रतनाथ जिनालय वेदी प्रतिष्ठा प्रतिमा विराजमान एवं कलशारोहण होकर, पूज्य बड़े बाबा के चरण एवं श्रीधर केवली के चरण स्थापित हुए। आचार्य श्री समयसागर जी महाराज का 7 जुलाई 2024 को कुंडलपुर सिद्ध क्षेत्र से ससंघ मंगल विहार हुआ । आचार्य श्री संघ का रात्रि विश्राम मजगुंवा पतोल ग्राम में हुआ ।कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी ने गुरुदेव के विहार के साथ ही विहार की संपूर्ण व्यवस्थाएं संभाली और कमेटी पदाधिकारी सदस्यगण निरंतर विश्राम स्थल चयन से लेकर अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएं जुटाने में संलग्न हैं ।चातुर्मास स्थल तक सभी व्यवस्थाएं कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी संभालेगी। 8 जुलाई को आचार्य संघ का हटा नगर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ ।आहारचर्या, सामायिक के पश्चात विहार हुआ एवं कनकतला ग्राम में रात्रि विश्राम हुआ ।9 जुलाई को प्रातः मडियादो ग्राम में भव्य मंगल प्रवेश हुआ ।गाजे बाजे के साथ भव्य अगवानी की गई ।आचार्य श्री का पाद प्रक्षालन हुआ, शास्त्र अर्पण किए गए ।आचार्य श्री की पूजन हुई ।सभी साधुओं की आहारचर्या संपन्न हुई ।आचार्य भक्ति हुई एवं आचार्य संघ का रात्रि विश्राम मडियादो ग्राम में ही हुआ ।10 जुलाई को प्रातः आचार्य श्री संघ का कलकुंआ ग्राम की ओर विहार होगा जहां आचार्य संघ की आहारचर्या संपन्न होगी।

### एक वर्षीय सेवा कालीन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के लिये आवेदन 15 जुलाई तक

**दमोह।** प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग में एक वर्षीय सेवा कालीन प्रशिक्षण (अग्रेंजी भाषा) प्रारंभ किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण राज्य शिक्षा केन्द्र के अंतर्गत संचालित आंग्ल भाषा शिक्षण संस्थान (इंग्लिश लैंगवेज टीचिंग इन्स्टीट्यूट) में दिया जाएगा। यह पाठ्यक्रम बरकतउल्ला विश्वविद्यालय से संबद्ध है। राज्य शिक्षा केन्द्र ने स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षकों से प्रशिक्षण के लिये आवेदन आमंत्रित किये हैं। आवेदन 15 जुलाई 2024 तक जमा कराये जा सकते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी एवं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग को पत्र लिखकर प्रत्येक जिले से कम से कम 2 पात्र आवेदकों के आवेदन **rsk.mponline.gov.in** के माध्यम से भेजने के निर्देश दिये गये हैं।प्रशिक्षण कार्यक्रम पाठ्यक्रम वर्ष 2024-25 के लिये आयोजित किया जा रहा है। पाठ्यक्रम में प्रदेश के प्रत्येक जिले का प्रतिनिधित्व हो, यह सुनिश्चित करने के लिये कहा गया है। यह प्रशिक्षण अंग्रेजी भाषा के शिक्षकों के लिये राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद हटा जिला दमोह

क्र./लोक निर्माण/निविदा/2024-25/398 — हटा, दिनांक 08.07.2024

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीय ई-रजिस्ट्रेशन प्रणाली से पंजीकृत समस्त ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है । निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर कं. जारी दिनांक | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि | आमंत्रण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_UAD_356257_1 09-07-2024 | नवोदय वार्ड कं. 15 में अमित सियासी के पास नाली निर्माण कार्य। | 1- 02 माह 2- 1.37 लाख | 1-1000.00 2-2800.00 | 18-07-2024 | द्वितीय |
| 2 | 2024_UAD_356258_1 09-07-2024 | रमाकवि वार्ड कं. 10 में बबलू साहू आटा मिल से बालचंद्र साहू के मकान तक नाली निर्माण कार्य। | 1- 02 माह 2- 2.41 लाख | 1-2000.00 2-2500.00 | 18-07-2024 | द्वितीय |
| 3 | 2024_UAD_356259_1 09-07-2024 | मुरली मनोहर वार्ड में हॉल निर्माण कार्य। | 1- 03 माह 2- 3.97 लाख | 1-2000.00 2-4000.00 | 25-07-2024 | प्रथम |
| 4 | 2024_UAD_356260_1 09-07-2024 | वार्ड क्र. 05 में नाली निर्माण कार्य। | 1- 03 माह 2- 3.50 लाख | 1-2000.00 2-3600.00 | 25-07-2024 | प्रथम |

नोट :- निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in की बेवसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा ।

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
हटा जिला दमोह

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद
हटा जिला दमोह